वर्ष 24, अंक 261, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 31 मार्च 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम मोदी की बड़ी चेतावनी

### असम चुनाव में एआई के फेक वीडियो बिगाड़ सकते हैं खेल



**असम**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नमो ऐप पर 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से असम के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं से बातचीत की और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले उन्हें जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यकताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गठबंधन को राज्य में व्यापक समर्थन प्राप्त है, लेकिन उन्होंने अभियान को और मजबूत करने के लिए कार्यकताओं से प्रतिक्रिया मांगी।

असम की प्रगति के लिए स्थिरता आवश्यक है

राज्य की राजनीतिक दिशा पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से पहले असम में लंबे समय तक अस्थिरता का दौर रहा था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में सभी क्षेत्रों में स्पष्ट बदलाव आए हैं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से पूर्व कांग्रेस सरकारों के शासन को याद रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "एक छोटी सी गलती भी असम को पीछे धकेल सकती है, इसलिए सतत विकास के लिए शांति और स्थिरता आवश्यक है।

एआई द्वारा उत्पन्न गलत सूचनाओं से सावधान रहें

संवाद के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने बूथ कार्यकताओं को इस चुनाव के मौसम में एआई द्वारा उत्पन्न फर्जी वीडियो के बढ़ते खतरे के बारे में आगाह किया। उन्होंने बूथ कार्यकताओं को राज्य के लोगों को सतर्क करने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि गलत सूचना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित न करे। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्रोही संगठनों और छात्र संगठनों के साथ समझौते करने में विफल रहने के लिए पिछली कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की कमियों ने क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही अशांति में योगदान दिया है।

असम में भाजपा हैट्रिक बनाएगीः नितिन नबीन

रविवार (29 मार्च) को भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने दावा किया कि पार्टी असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक बनाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार और मौजूदा भाजपा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि "काले अध्याय" को याद करने की जरूरत है।

## ममता बनर्जी के भड़काऊ बयान के खिलाफ बीजेपी पहुँची चुनाव आयोग

## टीएमसर प्रमुख को प्रचार से प्रतिबंधित करने की मांग

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में चुनावी माहौल तेजी से गरमाता जा रहा है और इसी बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप भी अपने चरम पर पहुंच गए हैं। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी ने आज एक गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से मांग की है कि राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार से प्रतिबंधित किया जाए। पार्टी का कहना है कि उन्होंने चुनाव आचार संहिता का बार बार उल्लंघन किया है, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें केंद्रीय मंत्री



पीयूष गोयल और किरण रिजिजू सहित कई प्रमुख नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इस ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में चुनावी नियमों और आपराधिक कानूनों का लगातार और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन किया जा रहा है। पार्टी ने आयोग से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि चुनाव आयोग को अपने संवैधानिक अधिकारों का पूरा उपयोग करते हुए ऐसे उपाय लागू करने चाहिए जो प्रभावी और डर पैदा करने वाले हों, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को तुरंत रोका जा सके। भारतीय जनता पार्टी ने यह भी मांग की है कि राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए, जिससे मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने आरोपों के समर्थन में कई घटनाओं का जिक्र किया है, जिनमें कथित तौर पर ऐसे बयान दिए गए।

## बढ़ती गर्मी के बीच लोगों के मन में नई टेंशन!

## तेल कम, गैस कम...आने वाले दिनों में क्या बिजली भी होगी कम?

**नई दिल्ली**

भीषण गर्मी ने अभी से ही लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है, जिससे यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले महीनों में तापमान किस स्तर तक पहुंच सकता है। देश के कई हिस्सों में मार्च के अंतिम सप्ताह से ही तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। इस बीच पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में चल रहे तनाव ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर नई चिंताएं



खड़ी कर दी हैं। हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोग अब खाना पकाने जैसे घरेलू कार्यों के लिए भी बिजली पर निर्भर होते जा रहे हैं। ऐसे में जब अप्रैल से जून के बीच भीषण गर्मी अपने चरम पर होगी, तब बिजली की मांग में भारी उछाल आना लगभग तय माना जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष भारत में अधिकतम बिजली मांग दो लाख पचास हजार मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर होगा। पिछले वर्ष भी गर्मी के मौसम में मांग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे और करीब दो लाख तीस हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी।

## यूडीएफ को हराने की साजिश- राहुल गांधी



**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आगामी केरल विधानसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) को परोक्ष रूप से समर्थन देने का आरोप लगाया। अडूर में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने चुनावी मुकाबले को यूडीएफ और "सीपीआई (एम)-भाजपा गठबंधन" के बीच की लड़ाई बताया। गांधी ने दावा किया कि केरल में भाजपा का एक छिपा हुआ हाथह्व है, यह शब्द अर्थशास्त्रियों द्वारा बाजार के अदृश्य प्रभावों का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें चुनौती देने वाली एकमात्र शक्ति कांग्रेस पार्टी है। भाजपा और आरएसएस के साथ हमारी वैचारिक लड़ाई है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां ??विपक्षी नेताओं को निशाना बनाती हैं, जबकि एलडीएफ नेताओं पर ऐसी कोई जांच नहीं होती।

गांधी ने कहा कि मेरे खिलाफ 36 मामले दर्ज किए गए हैं और मुझसे लगातार 55 घंटे पूछताछ की गई है। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री या एलडीएफ नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने उनकी हालिया पलक्कड़ यात्रा के दौरान सबरीमाला पर चुप्पी साधने की आलोचना की।

## 40 यात्रियों से भरी बस भद्रावती में पुल से गिरी

### 10 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल

**कर्नाटक**

**कर्नाटक** के शिवमोग्गा जिले में एक निजी बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। यह घटना भद्रावती तालुक के वीरपुरा गांव के कागेहल्ला में घटी। खबरों के अनुसार, बस गिरने से पहले पुल की रेलिंग से टकरा गई थी। दस से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें भद्रावती तालुक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के समय बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे और यह दावनगेरे जिले के चन्नागिरी से भद्रावती जा रही



थी। दुर्घटनास्थल भद्रावती ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, जहां मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

हसन में बस और लॉरी की टक्कर में दो लोगों की मौत

इससे पहले, कर्नाटक के हसन जिले में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना चन्नारायपटना तालुक के हिरिसावे स्थित अम्माकुटीरा लेआउट के पास हुई, जहां एक निजी बस की लॉरी से टक्कर हो गई। मंगलुरु से बेंगलुरु जा रही बस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान वह आगे चल रही लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे भीषण टक्कर हो गई। मृतकों में से एक, कृष्णा शेट्टी की मौके पर ही मौत हो गई।

## दिल्ली नगर निगम कानून में बड़े बदलाव की तैयारी, छोटे उल्लंघन अपराध की श्रेणी से होंगे बाहर

**नई दिल्ली**

दिल्ली में शहरी प्रशासन को अधिक नागरिक-अनुकूल और व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है. दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 में प्रस्तावित संशोधनों के जरिए छोटे नागरिक अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और नियमों को सरल बनाने की पहल की गई है. इन बदलावों का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के बजाय सहयोग और अनुपालन आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जिससे नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास मजबूत हो सके. प्रस्तावित संशोधनों के तहत कई ऐसे प्रावधानों में बदलाव किया जा रहा है, जिनमें पहले छोटे-छोटे उल्लंघनों पर आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान था. अब ऐसे तकनीकी या मामूली मामलों में मुकदमा चलाने के बजाय उन्हें तर्कसंगत तरीके से निपटाने की योजना है. इससे अनावश्यक कानूनी दबाव, सामाजिक कलंक और लंबी मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी।

## नीतीश कुमार के इस्तीफे पर जीतन राम मांझी ने कह दी बड़ी बात

**नई दिल्ली**

**एमएलसी** पद से बिहार के सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'तहरा जईसन केहू नईखें, तू बे-जोड़ बाड़ा होड्ढआपके मार्गदर्शन से ही बिहार चलेगा नीतीश जी. आप इस नए बिहार के सृजनकर्ता हैं.'

बिहार में नए सीएम को लेकर अटकलें तेज

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं. नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी पिछले कुछ समय से संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए संकेत दे रहे हैं कि कोई व्यक्ति विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य न रहने के बाद भी छह महीने तक मुख्यमंत्री पद पर बना रह सकता है. वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार जैसे नेताओं के इस तरह के बयानों ने इन अटकलों को और हवा दी है. खरमास के बाद ही

नेतृत्व परिवर्तन संभव

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जद (यू), जिसके पास भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से केवल चार विधायक कम हैं, अपने सहयोगी दल को मुख्यमंत्री पद का दावा करने की अनुमति देने से



पहले कड़ा रुख अपना सकती है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठऊअ) के सूत्रों का हालांकि कहना है कि नीतीश कुमार, जिन्हें अगले महीने की शुरूआत में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जा सकती है, लंबे समय तक सत्ता में बने नहीं रहेंगे. उनका मानना है कि हिंदू पंचांग के अनुसार अशुभ माने जाने वाले खरमास (14 अप्रैल तक) के बाद ही नेतृत्व परिवर्तन संभव है.

बीजेपी के खेमे में उत्साह

बीजेपी खेमे में अपने ह्यखुद के मुख्यमंत्रीह्व मिलने की संभावना को लेकर उत्साह है. हिंदी पट्टी के इस प्रमुख राज्य में लगभग दो दशकों से सत्ता में साझेदार रहने के बावजूद बीजेपी को अब तक मुख्यमंत्री पद नहीं मिला है.

सीएम पद के संभावित दावेदार

मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है, जिनके पास गृह विभाग भी है. चौधरी कोइरी समुदाय से आते हैं।

## उत्तराखंड साहित्यकारों के सम्मान से गौरवान्वित, उट धामी ने डॉ. जितेन ठाकुर को साहित्य भूषण से नवाजा

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के देहरादून में मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन सोमवार को प्रदेश की बौद्धिक और रचनात्मक ऊर्जा का केंद्र बन गया. मौका था 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025' का, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की साहित्यिक विभूतियों को सम्मानित किया. समारोह में साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ. जितेन ठाकुर को राज्य के सर्वोच्च 'उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान' से विभूषित किया गया. समारोह को संबोधित



करते हुए मुख्यमंत्री ने एक बड़ी घोषणा की. उन्होंने बताया कि प्रदेश में साहित्यकारों को बेहतर माहौल और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए दो 'साहित्य ग्राम' स्थापित किए जा रहे हैं. यह कदम उत्तराखंड को 'साहित्यिक पर्यटन' के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## नशे की लत ने बना दिया स्मैक का सौदागर, पुलिस ने 4 करोड़ के माल के साथ युवक किया गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश की शामली पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो नशा करते-करते खुद ही नशे का सौदागर बन गया. कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा के रहने वाले अहसान के कब्जे से 2 किलो 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 3 लाख रुपये है.

नशे की लत ने बना दिया तस्कर

पुलिस की पूछताछ के दौरान अहसान ने बताया कि कुछ साल पहले उसे स्मैक का नशा करने की लत लग गई थी और वह स्मैक लेने के लिए बहुत दूर-दूर तक जाया करता था. स्मैक का नशा करते-करते वह उसका इस कदर आदी हो गया कि उसके बिना जीना दुभर हो गया. फिर एक दिन उसके मन में आया कि वह खुद ही स्मैक का तस्कर बन जाए और उसकी बिक्री करने लगे जिससे उसकी नशे की लत भी पूरी होती रहेगी और उसे इधर-उधर भटकना भी नहीं पड़ेगा.

सहारनपुर से लाता था खेप

इस दौरान अहसान की मुलाकात सारिक पुत्र साजिद निवासी गांव घाटमपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर से हुई. अहसान उसी से स्मैक की बड़ी खेप खरीदकर लाता था।

## लखनऊ में विपक्ष पर जमकर बरसे योगी

### कहा- जो लोग 'चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए लोग नहीं देख सकते गरीब की पीड़ा'

**लखनऊ**

**लखनऊ** में आयोजित के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षियों पर जुबानी हमला बोला है, मुख्यमंत्री ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा है कि, "जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा को नहीं देख सकते, वे मंचों पर भाषण देंगे, लेकिन वे उस पीड़ा के साथ जुड़ नहीं सकते."

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं/सहायिकाओं को स्मार्टफोन व नियुक्ति-पत्र वितरण, आंगनवाड़ी केंद्र भवनों व बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पण/शिलान्यास हेतु लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, 2519 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविकाओं के रूप में नियुक्ति पत्र देने का काम किया है. यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम हम लोग कर रहे हैं. योगी आदित्यनाथ ने यह भी ऐलान किया है कि इस वर्ष 5000 से अधिक कार्यकत्रियों और 60 हजार से अधिक सहायिकाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया हो रही है.

आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी- योगी

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि, 6 वर्ष से छोटे बच्चों की देखभाल करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं, उन्हें सामाजिक सुरक्षा की गारंटी है. इन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ भी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों



को उपलब्ध कराया गया है. उन्होंने बताया कि, इस कार्यक्रम में 69 हजार से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किए हैं.

सीएम योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि ये सभी काम पहले भी हो सकते थे लेकिन 2017 के पहले ये सब उम्मीद नहीं जा सकती थी. क्योंकि ये सब के लिए उनके पास फुर्सत ही नहीं थी. सीएम ने कहा कि जो गरीब की पीड़ा देखा होगा वही गरीब के बारे में सोंच सकता है.

'चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए लोग नहीं देख सकते गरीब की पीड़ा'

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि "जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा को नहीं देख सकते हैं, वे मंचों पर भाषण देंगे, लेकिन वे उस पीड़ा के साथ जुड़ नहीं सकते. " योगी ने कहा कि उनके (विपक्ष) लिए परिवार ही सबकुछ है, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, समाज को बांटने के लिए, पर्व और त्योहार के पहले दंगा करवाने के लिए, महिलाओं और व्यापारिसों की सुरक्षा सेंध लगाने वाले गुंडों की फौज उन्हें (विपक्ष) चाहिए।

# भगवान श्रीराम का अवतार समाज को धर्म, मयार्दा, आदर्श जीवन का मार्ग दिखाने के लिए हुआ : राजन महराज

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** देवबरा, धाम पिपरी गांव में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन सोमवार को अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन महाराज ने श्रीराम जन्म का विस्तार से वर्णन किया। महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार मानव समाज को धर्म, मयार्दा और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाने के लिए हुआ। उन्होंने कथा के दौरान सबसे पहले भगवान शिव और माता पार्वती के प्रसंग का उल्लेख किया। समझाया कि कैलाश पर्वत पर रहते हुए भी भगवान शिव और माता पार्वती ने अपने गृहस्थ जीवन में श्रीराम कथा को सर्वोच्च स्थान दिया। शिवजी स्वयं कथावाचक बने और माता पार्वती ने श्रोता बनकर कथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन का मार्गदर्शन करने वाला एक अमूल्य ग्रंथ है।





आचार्य ने यह भी बताया कि वही गृहस्थ जीवन धन्य है जिसमें पति-पत्नी एकांत में राम कथा का चिंतन और चर्चा करते हैं। कथा में आगे बताया गया कि माता पार्वती के 14 प्रश्नों का उत्तर देते हुए भगवान शिव ने संपूर्ण राम कथा का वर्णन किया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्गुण और निराकार भगवान सगुण और साकार रूप में क्यों प्रकट हुए। इसका मुख्य कारण राजा मनु और शतरूपा की कठोर तपस्या थी, जिन्होंने भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने की कामना की थी। कहा कि भगवान श्रीराम का अयोध्या में जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं है, बल्कि यह मानव समाज को आदर्श चरित्र का संदेश देने वाला एक दिव्य प्रसंग है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चित्र बनाने वाले लोग संसार को धोखा दे सकते हैं, लेकिन चरित्र बनाने वाले व्यक्ति पर पूरा समाज विश्वास करता है। कथा में श्रीराम जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया गया कि महाराज दशरथ ने गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। यज्ञ के दौरान अग्निदेव खीर लेकर प्रकट हुए, जिसे ग्रहण करने के बाद माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। त्रेतायुग की नवमी तिथि को दोपहर ठीक 12 बजे अयोध्या में श्रीराम का अवतरण हुआ, उस समय देवताओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान की स्तुति की।कथा के आयोजक राधे मोहन पांडेय एवं विकास इलाहाबादी ने श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर न्योछावर लुटाई। कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान श्रीराम की स्तुति गाई अंत में श्रीराम जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ तृतीय दिवस की कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर वेद शास्त्री महाराज, कुलदीप महाराज, विनय तिवारी महराज, मुन्ना सिंह ब्लाक प्रमुख, बालकृष्ण तिवारी, जगदीश तिवारी, सुरेश पांडेय, विजयमनि पांडेय, रविंद्र पांडेय, मातेश्वर ओझा, सुशील पांडेय, अरुण मिश्रा, पिंटू पांडेय प्रधान, गंगाधर शुक्ल, शुभम शुक्ल, अनुराग पांडेय, अंशुमान शुक्ला, निशांत तिवारी, रिशू पांडेय, गोविंद उपाध्याय, आदर्श पांडेय, विकाश शुक्ला, शिवकुमार तेजस्वी, सुमित तिवारी, रामेश्वर तिवारी, आकाश तिवारी, कृष्णा शुक्ल, आशीष तिवारी, जतिन पांडेय, एडवोकेट हितेश पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, अश्वनि उपाध्याय, ऋषभ सिंह, शिवम तिवारी, शशि दुबे, स्वास्तिक पांडेय, प्रमोद गुप्ता प्रधान, रिंकू मिश्रा, किशन पाठक, शैलेश पाठक, राजकुमार अंजाना, धनंजय शास्वत, अमित आचार्य, मंगल पांडेय, आकाश दुबे, निखिल पांडेय, दीपक उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कानून व्यवस्था हेतु एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय, थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र दर्जनों महिला पुरुष पुलिसकर्मी से साथ कथा स्थल के साथ प्रांगण में भ्रमण करते रहे।

## पीडीए समाज बनाएगा यूपी में समाजवादी सरकार : सोमदत्त सिंह

### नुक्कड़ सभा में सपा नेता ने भरी हुंकार

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर कोरांव विधानसभा अंतर्गत पड़रिया ग्राम सभा में पार्टी विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर 2027 में सूबे में समाजवादी सरकार कैसे बनाई जाए इस पर गहनता से विस्तृत पूर्वक चर्चा किया गया।

इस मौके पर सपा नेता ने कहा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में जिस प्रकार से प्रदेश में विकास की गंगा बहाई गई उसके लिए उत्तर प्रदेश की जनता आज भी याद कर रही है भारतीय जनता पार्टी ने झूठे लुभावने वादे करके प्रदेश की जनता को



गुमराह कर सत्ता हथियाने का काम किया जिसके कारण समूचा प्रदेश त्राहि त्राहि कर रहा है और वह आगामी होने वाले 2027 के आम चुनाव का इंतजार बड़ी बेसब्री से कर रहा है कि कब चुनाव हो और सूबे से इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा आज शोषित वंचित दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज अपने हक अधिकार के लिए दर दर की ठोकर खा रहा है। नौजवान रोजगार पाने के लिए महानगरों में कठिन परिश्रम का सामना कर रहा है पूरे देश की जनता को एलपीजी सिलेंडर और डीजल पेट्रोल की लाइन में खड़ा कर दिया है लेकिन मौजूदा सरकार इतने जटिल समस्याओं से अनभिज्ञ होकर चैन की बंशी बजा रही है इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब यह सरकार का विदाई का वक्त आ गया है।

इस मौके पर मुख्य रूप से शहादत अली प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी मेहताब खान नगर अध्यक्ष पवन सोनकर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत पटेल उपाध्यक्ष संजय पटेल इमरान अली रवि बेनबंस बृजेश प्रजापति इरफान अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## सहायक लिपिक का आकस्मिक निधन, विद्यालय परिवार शोकाकुल

**करछना।** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में सहायक लिपिक के पद पर रहे करछना के संजई गांव निवासी वेदेश दत्त पांडेय का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। जिससे लोग शोका कुल हैं। सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई। जिसमें आपस में दो मिनट का मौन रहकर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। उन्होंने बताया कि सन 2000 से विद्यालय में सहायक लिपिक के पद पर कार्य रत थे। और सेवा काल के दौरान उनका 28 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। ये लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। जिनका इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस मौके पर सुरेश सिंह, रामेश्वर सिंह ,अनिल कुमार मिश्र, पंकज मिश्र, राजेंद्र प्रसाद सोनकर ,सुशील कुमार, लालचंद्र ,नितिन पाठक ,आशीष मिश्र, देवी शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

## बाघम्बरी गद्दी में हुआ कैंब्रिज कालेज की वार्षिक पत्रिका 'ऋयसा' का भव्य विमोचन

### विद्यादान को महादान बताते हुए महंत बलबीर गिरि जी ने दिया आशीर्वाद

**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ की वार्षिक पत्रिका ऋयसा का भव्य विमोचन सोमवार को बाघम्बरी गद्दी प्रयागराज में श्री महंत 108 श्री बलबीर गिरि जी महाराज, पीठाधीश्वर बाघम्बरी गद्दी (लेटे हुए हनुमान जी) द्वारा अपने कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मठ पहुंचकर प्राचीन श्री बाघम्बरेश्वर महादेव और मां बागेश्वरी देवी के दर्शन कर महंत जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

विमोचन कार्यक्रम के दौरान महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में विद्या, गौ और कन्या दान का विशेष महत्व है, जिसमें विद्यादान सर्वोच्च दान माना जाता है।



उन्होंने विद्यालय के नाम और पत्रिका के नाम को लेकर जिज्ञासा व्यक्त की, जिस पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि कैंब्रिज नाम विश्व प्रसिद्ध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से प्रेरित है, जबकि ह्यऋयसाह्न का अर्थ ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद से लिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विभवनाथ भारती ने बाघम्बरी गद्दी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मठ की स्थापना मुगलकाल में सिद्ध संत बाबा बालकेसर गिरि जी ने की थी। उन्होंने बताया कि संत बालकेसर गिरि बाघ पर बैठकर तपस्या करते थे, जिसके कारण इस स्थान का नाम बाघम्बरी गद्दी पड़ा। उन्होंने मठ के लगभग 500 वर्ष पुराने इतिहास की जानकारी भी साझा की।

विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने महंत जी को बताया कि कैंब्रिज विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान मठ की गौशाला और अन्य पालतू जीवों का निरीक्षण भी किया गया।इस अवसर पर श्री महंत 108 श्री बलबीर गिरि जी महाराज, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विभवनाथ भारती, प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनीशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, धर्मराज कुशवाहा, पंकज मिश्रा, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, अखिलेश पांडेय, दीपक केशरवानी, नरेश श्रीवास्तव, बृजेश मिश्रा, रीतु सुसारी, रेखा सिंह, रीना गोस्वामी, मधु केसरवानी, वंदना शुक्ला, आभा मिश्रा, उषा सिंह, प्रीति सेन, निहारिका सेन, अंजु गुप्ता, सीमा सिंह, रूचि शुक्ला, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आयोजित किसान गोष्ठी में समस्याओं के समाधान पर दिया गया जोर



**सहसों।** विकास खंड सहसों के अंतर्गत मनापुर उर्फ बगई कला गांव स्थित पंचायत भवन में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में फूलपुर के तहसीलदार सुरेश चंद्र शुक्ल ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

तहसीलदार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसान इसकी मजबूत नींव हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर गोष्ठी में रखें, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके।

गोष्ठी के दौरान फार्मर रजिस्ट्री, फार्म संशोधन सहित विभिन्न कृषि संबंधित कार्यों को व्यापक रूप से संपन्न कराया गया। ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को सभी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। इसके लिए जरूरी है कि किसान ऑनलाइन प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लेखपाल आंचल तिवारी, कृषि विभाग से पंकज पटेल, बीडीसी रविंद्र प्रताप भारतीय, कोटेदार राम कैलाश, आशीष यादव, कमलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बिजली का तार टूट कर गिरने से गेहूं की फसल जल कर नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** डीहा ग्राम सभा में बिजली विभाग की लापरवाही किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। खेत में झूल रहा तार सोमवार दोपहर अचानक टूट कर गिरने से पककर तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विभागीय कर्मचारियों से तार ठीक करने के लिए कहा गया,लेकिन इस ध्यान किसी का नहीं जा रहा था। सोमवार दोपहर 11 हजार वोल्टेज बिजली का तार अचानक टूट कर गिरने से गांव निवासी विजय शंकर मिश्रा, सुरेश यादव, मुन्नू यादव, रामकृष्ण यादव, फूलचंद, राजेंद्र प्रसाद के गेहूं की फसल में आग लग गई। जहां देखते ही देखते 20 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जल का नष्ट हो गया। हालांकि खेत में आग की लपटे उठता देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया।



लेकिन तेज हवा होने के कारण आग विकराल रूप धारण कर चुका था। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ने बिजली विभाग के साथ अग्निशमन विभाग टीम को जानकारी दिया। सूचना होने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाया गया। लेकिन तब तक काफी फसल नुकसान हो चुका था। बिजली विभाग के मनमानी रवैया को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## भैंस चोरी का खुलासा, पांच पर केस, दो आरोपी गिरफ्तार

**करछना।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। भगाही कुलमई गांव निवासी भुल्लन कोटार्य की एक और सालिक राम विश्वकर्मा की दो भैंसें घर के बाहर बंधी थीं, जिन्हें चोर खोल ले गए। आरोप है कि चोरी के बाद भैंसों को पड़ोखरा गांव के पास एक नाले में छिपा दिया गया। इस दौरान भुल्लन की भैंस की मौत हो गई, जबकि सालिक राम की एक भैंस जिंदा बरामद कर ली गई।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। भुल्लन कोटार्य की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोखरा गांव निवासी राशिद, फैजान, साहिल, जतिन समेत एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार चोरी में प्रयुक्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया है। फरार तीन आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा।

## न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में एडमिशन पर बड़ी राहत, सभी कक्षाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह माफ

### तीन बच्चों के प्रवेश पर सबसे छोटे की मासिक फीस भी होगी निःशुल्क

**शंकरगढ़।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों को राहत देते हुए सभी कक्षाओं में प्रवेश शुल्क पूरी तरह माफ करने की घोषणा की है। विद्यालय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही भाई-बहन योजना के तहत यदि कोई अभिभावक अपने तीन बच्चों का एक साथ नया प्रवेश कराते हैं, तो सबसे छोटे बच्चे की मासिक फीस पूरी तरह माफ कर दी जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संस्थान में अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां नियमित पढ़ाई के साथ नैतिक शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है। विद्यालय प्रशासन ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया है कि प्रवेश के दौरान अभिभावकों को उपलब्ध सुविधाओं की स्पष्ट जानकारी दें। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए समय से अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करें।

## धूमधाम से मनाया गया कंपोजिट विद्यालय सुजौना का वार्षिकोत्सव

### बच्चों को पुरस्कृत और अभिभावकों को सम्मानित किया गया

**जसरा।** कंपोजिट विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।शिक्षिका नाज़िया सुल्ताना की देखरेख में बच्चों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण कर वातावरण को उत्साह से भर दिया।विद्यालय का बच्चों का परीक्षाफल भी घोषित किया गया।परीक्षा में स्थान बनाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया।कक्षा आठ की छात्रा अंशिका यादव को स्टुडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने उपस्थित अभिभावकों को भी माल्यार्पण कर उनका स्वागत और सम्मान किया। प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने उपस्थित अभिभावकों से नवीन सत्र में सौ प्रतिशत बच्चों के नामांकन का आह्वान किया। अभिभावकों ने नवीन नामांकन में पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।शिक्षकों ने




भावुक मन से कक्षा आठ के बच्चों की विदाई किया।प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आठ साल आप लोगों ने बहुत अच्छे से इस विद्यालय में व्यतीत किया।आप सभी आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे ऐसी हम सबकी अपेक्षा है।इस अवसर पर विद्यालय के भारतेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार शुक्ल, इरफान अहमद, जितेन्द्र कुमार शर्मा, शरद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, शिशिर जायसवाल, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, स्वामी नाथ, दिनेश केसरवानी, जितेन्द्र केसरवानी, सुखलाल, सिंटू लाल, पंकज कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ चौपाल में गूंजा महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा अभईपुर गांव में सोमवार को मनरेगा बचाओ चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं और वर्तमान आर्थिक हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगापार कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने चौपाल के दौरान आमजन की परेशानियों को गंभीरता से सुना और उन्हें लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईंधन की कमी और लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। उन्होंने केंद्र और



राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि आज जनता महंगाई की दोहरी मार झेलने को मजबूर है।

चौपाल में पेट्रोल-डीजल के लिए लग रही लंबी कतारों और रसोई गैस की भारी किल्लत को लेकर भी चिंता जताई गई। चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा राशन वितरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गई। अशफाक अहमद ने कहा कि मनरेगा योजना को सुचारू रूप से संचालित किया जाए और महंगाई पर जल्द नियंत्रण किया जाए, ताकि गरीब और मजदूर वर्ग को राहत मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और मनरेगा मजदूरों को उनका हक नहीं मिला, तो पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय एवं अध्यक्षता चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पटेल ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, कार्तिकेय पाण्डेय, शिव प्रसाद मौर्य, रमेश मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पटेल, सुशील यादव, दिलीप कुमार पटेल, विजय पटेल, आकाश पटेल, राम आसरे पटेल, अवनीश पटेल, सुरेश भारतीया, राम मूरत पटेल, अनुराग पटेल, नीरज भारतीया, भारत लाल पटेल, लाल चन्द्र पटेल, हरिश्चन्द्र पटेल, विकास पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में 669 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, 34 केंद्रों का लोकार्पण और 79 का शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार की ओर से बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जनपद में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69,804 को स्मार्ट फोन तथा दो लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए। इसके साथ ही 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के तहत 3170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों और 140 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया।

जनपद प्रयागराज में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकास खंडों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। संगम सभागार में फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य और विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी की उपस्थिति में फाफामऊ, फूलपुर और सोरांव विधानसभा क्षेत्रों की कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। साथ ही रिमोट के माध्यम से 11 नए आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण और 26 केंद्रों का शिलान्यास किया गया।




इसी क्रम में कोरांव, जसरा और करछना विकास खंडों में भी संबंधित विधायकों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुए। कोरांव में 66, बारा क्षेत्र में 159 और करछना में 28 नवनियुक्त कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। अन्य ब्लॉकों में भी इसी तरह समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

जनपद में कुल 669 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। इनमें बारा में 159, मेजा में 94, कोरांव में 66, करछना में 28, हंडिया में 78, प्रतापपुर में 83, फूलपुर में 36, सोरांव में 59 और फाफामऊ में 66 कार्यकत्रियां शामिल हैं।

इसके साथ ही जिले में 34 नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया, जबकि 79 नए केंद्रों का शिलान्यास भी हुआ। इन केंद्रों में अधिकांश का निर्माण मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत किया जा रहा है, जबकि कुछ केंद्र राज्य पोषित हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गर्भवती और धात्री महिलाओं के साथ छोटे बच्चों को इन केंद्रों से पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं। नए केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इन सुविधाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने नवनियुक्त कार्यकत्रियों को ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से परिवार और समाज दोनों मजबूत होते हैं। वहीं विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य करती हैं।

मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा पोषण और शिक्षा से वंचित न रहे। नए केंद्रों के निर्माण और व्यवस्थाओं को मजबूत करने से जिले में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा स्तर में सुधार आएगा।

कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह सहित बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपर आयुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** अपर आयुक्त रत्नप्रिया की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में मंडल में कमी आई है, परंतु जनपद कौशांबी में दुर्घटना में वृद्धि होने पर अपर आयुक्त ने रोड इंजीनियरिंग सुधारात्मक कार्य एवं प्रवर्तन कार्यवाही पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। उन्होंने तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में बनी ग्रामीण सड़क सुरक्षा समिति के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए है। अपर आयुक्त ने हाईवे पर अनावश्यक रूप से बने कट को बंद करने हेतु पीडब्लूडी एनएचएआई को निर्देशित किया। उन्होंने जेडएफएफ कार्यक्रम को फतेहपुर व प्रयागराज में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा मित्र एवं राहवीर योजना के प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है। प्रयागराज, फतेहपुर में सड़क सुरक्षा उपायों एवं प्रवर्तन कार्रवाई के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। अपर आयुक्त ने निरंतर प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाए जाने के निर्देश दिए है। अपर आयुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मिलने वाली ग्रामीण सड़कों वाले स्थलों पर झाड़ियों को साफ कराये जाने तथा ग्रामीण सड़कों के हाईवे पर मिलने वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर एवं साइनेज लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजमार्गों पर लाइट की समुचित व्यवस्था के लिए नगर निगम वाले क्षेत्रों में नगर निगम के द्वारा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट लगवाये जाने के निर्देश दिए है।अपर आयुक्त ने हेलमेट न लगाने वाले, सीट बेल्ट न लगाने वाले, यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो, तेज रफ्तार से चलाने वाले वाहनों, गलत दिशा में चलने वाले वाहनों, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, नशे के हालत में वाहन चलाने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी हिमेश तिवारी, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संजीव कुमार गुप्ता, एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार एआरटीओ प्रवर्तन आनंद प्रतापराव एआरटीओ प्रवर्तन फतेहपुर प्रतीक मिश्रा यात्री कर अधिकारी रामसागर पुलिस विभाग के अधिकारी, एनएचएआई के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों के रूप में रघुनाथ द्विवेदी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्तताओं की मांग हुई पूरी, मुख्य दस्तावेज रुम से हटाया गया कर्मचारी, धरना हुआ समाप्त



**बारा।** अधिवक्ता संघ बारा द्वारा किया जा रहा धरना सोमवार को खत्म हो गई। इससे वादकारियों एवं अधिकारियों ने राहत महसूस किया। इस आसय का ज्ञापन संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र यादव एवं मंत्री ने संयुक्त रूप से एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम और तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी को सौंपा।

अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र के अनुसार वादकारियों के हित में हड़ताल वापस की जा रही है। बताया कि अधिकारियों ने अधिवक्ताओं की समस्त मांग मान ली है। एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने बताया कि अधिवक्ताओं की शिकायत पर रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में नियुक्त कर्मचारी अखिलेश कुमार को नजारत से संबंध कर दिया गया और संजय कुमार को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

## बच्चों का हुआ वार्षिक परीक्षाफल का वितरण, बच्चे हुए सम्मानित

**अच्छी शिक्षा ही अच्छे समाज का आईना है - एसीपी थरवई अरुण पाराशर**

**थरवई।** स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल थरवई में बड़े भव्यता के साथ परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम हुआ आयोजित। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सुरेश कुमार त्रिपाठी माध्यमिक शिक्षक संघ परिषद के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे एसीपी थरवई अरुण पाराशर। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ। जिसके पश्चात आए हुए अतिथियों को तिलक व बैज लगाकर उनका सम्मान बढ़ाया और स्वामी विवेकानंद स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय एवं आशुतोष पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो भेंट स्वरूप सम्मान के रूप में दिया गया। विद्यालय की टॉपर रहीं 9 वीं की छात्रा 99 प्रतिशत जिन्हे विशिष्ट अतिथि अरुण पाराशर के हाथों से स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके एसीपी थरवई ने अपने सम्बोधन में शिक्षा की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा की अच्छी शिक्षा ही अच्छे समाज का आईना है आज जो बच्चे अपनी प्रतिभा और अपनी बुद्धिमत्ता को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ा रहे हैं यही बच्चे एक दिन देश का भविष्य बनेंगे और अपने विद्यालय, माता पिता व देश का नाम नाम गर्व से ऊँचा करेंगे। और बच्चों के परीक्षाफल को देखते हुए भूरी - भूरी प्रशंसा की। साथ ही बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी हुए सम्मानित। उसी क्रम में बच्चों के परीक्षाफल में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को वहीं सबसे ज्यादा कक्षा में उपस्थिति, यूनिफार्म आदि में भी बेहतर प्रदर्शन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय स्टॉफ में टीचर्स की सबसे अधिक उपस्थिति में बाल जी मिश्र, यादवेन्द्र पाण्डेय, टीचर्स के लिए यूनिफार्म में अपर्णा सिंह, गौरव उपाध्याय भी हुए सम्मानित जिसका मुख्य उद्देश्य होता है उन्हें प्रोत्साहित करना। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पांडेय ने आये सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को आभार जताया और ढेर सारा धन्यवाद दिया। इस मौके पर विद्यालय परिवार में टीचर्स चंद्रधर, सतीश सिंह, गिरीश द्विवेदी, राम सूरत शुक्ला, विनीता शर्मा, सिद्धिदात्री, तृप्ति मिश्रा, अनुराधा त्रिपाठी सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें, औद्योगिक विकास में न आए बाधा : मंडलायुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंडल में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने गांधी सभागार में की, जिसमें विभागीय अधिकारी और उद्यमी शामिल हुए।

बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला उद्योग बंधु की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने के भी निर्देश दिए। फतेहपुर में बैठकें नियमित न होने पर उन्होंने 31 मार्च तक हर हाल में बैठक आयोजित कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।



रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना है, इसलिए इनके प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में ऋणपरक योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया गया। अधिकारियों ने बताया कि ह्यएक जनपद एक उत्पादह्न (ओडीओपी) मार्जिन मनी योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत ऋण वितरण किया गया है, जबकि ह्यमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानह्न योजना में 95.13 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया।

निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान यूपीसीडा के पांच प्रकरण समयसीमा के बाद भी लंबित पाए जाने पर मंडलायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधक से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना आवश्यक है, ताकि निवेशकों का भरोसा बना रहे।

नैनी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू न होने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उद्यमियों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने के लिए लिखित सुझाव देने को कहा गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया, एलडीएम, उद्योग समिति के सदस्य मुरारी लाल अग्रवाल, नटवर लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण करेंगे कथा 21 अप्रैल से अरैल में होगा राष्ट्र हनुमंत कथा





**प्रयागराज।** संगम नगरी में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम होने जा रहा है। प्रयाग उत्थान समिति की ओर से आगामी 21 से 23 अप्रैल तक डीपीएस के पास अरैल में बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी समिति के अध्यक्ष डा. उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म के एकत्रीकरण और हिंदू राष्ट्र के संकल्प का स्वर बनेगा। हनुमंत कथा 21 से 23 अप्रैल तक हर रोज दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक होगी। कथा शुरू होने के पूर्व 20 अप्रैल को मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। सुबह नौ बजे जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से मंगल कलश यात्रा रामानंद सागर की रामायण के मुख्य पात्र एवं सांसद अरुण गोविल (राम), दीपिका चिखलिया (सीता) और सुनील लहरी (लक्ष्मण) होंगे। यह यात्रा मुट्ठीगंज और कोठा पार्चा होते हुए पथरचट्टी रामलीला मैदान में संपन्न होगी। उधर हनुमंत कथा में स्वामी कैलाशानंद, स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और देवकी नंदन ठाकुर सहित देश के प्रतिष्ठित संत शिरकत करेंगे। इसके अलावा सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ ही भजन गायक कन्हैया मित्तल, ह्यमहाभारतह्न सीरियल के नीतीश भारद्वाज (कृष्ण), पुनीत इस्सर (दुर्योधन) और गजेंद्र सिंह (युधिष्ठिर) भी शामिल होंगे। प्रेस वार्ता का संचालन समिति के उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने किया।

## श्री भरत चरित्र कथा से गूंजा वातावरण, भक्ति व आदर्श जीवन का दिया संदेश



**प्रयागराज।** 28 मार्च से प्रारंभ हुई पांच दिवसीय श्री भरत चरित्र कथा का आयोजन क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। पूज्य स्वामी अभेदानन्द जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही इस पावन कथा का श्रवण कर मिशन से जुड़े श्रद्धालु अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। कथा के दौरान स्वामी अभेदानन्द जी ने जीवन के वास्तविक लक्ष्य, ईश्वर के प्रति स्नेह और भक्ति भाव पर सरल एवं प्रभावी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में मयार्दा, विनम्रता और सच्चाई को अपनाना चाहिए, तभी जीवन सार्थक बनता है। स्वामी जी ने श्री भरत जी के आदर्श चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि उनका जीवन त्याग, समर्पण और निष्कपट प्रेम का प्रतीक है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें मन पूर्ण रूप से ईश्वर में लीन हो जाए और सांसारिक मोह-माया स्वतः ही व्यर्थ प्रतीत होने लगे। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया।

## प्रयागराज में 'खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन' सेमिनार का आगाज, युवाओं को जोड़ा गया स्वदेशी अभियान से



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खादी को आधुनिक फैशन और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में मंडल स्तरीय खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित इस सेमिनार में खादी के प्रचार-प्रसार, डिजाइनिंग, नवाचार और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खादी को पर्यावरण के अनुकूल स्वदेशी उत्पाद के रूप में बढ़ावा देना और युवाओं को इसके आधुनिक स्वरूप से परिचित कराना रहा।

विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि खादी केवल परिधान नहीं, बल्कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। आज के दौर में इसे फैशन से जोड़कर युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से खादी को अपनाने और इसके प्रचार में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

सेमिनार के दौरान इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग के छात्रों ने खादी वस्त्रों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में खादी उत्पादों की विशेषताओं, नए डिजाइन और बाजार की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।इस मौके पर खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से 10 लाभार्थियों को निःशुल्क पॉपकॉर्न मशीन और 10 लाभार्थियों को दोना-पत्तल बनाने की मशीनें वितरित की गईं। साथ ही चयनित लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञों और अधिकारियों ने कहा कि खादी के उपयोग को बढ़ावा देकर न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस दौरान डॉ. मोनिशा सिंह, डॉ. अरुंधती सिंह सहित कई गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं और खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज नगर निगम में 10 नामित पार्षदों ने ली शपथ, महापौर व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम में सोमवार को नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित 10 पार्षदों को नगर निगम के नए सदन भवन में शपथ दिलाई गई। समारोह में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक दीपक पटेल, विधानसभा सदस्य सुरेंद्र चौधरी और जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति रही। शपथ लेने वालों में अखिलेश सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, प्रवीण भारतीय, स्वरिका भारद्वाज, श्यामचंद हेला, दुर्गेश नंदिनी, राजेश कुशवाहा, बब्बन प्रजापति, दिलीप केसरवानी और लाल बहादुर साहू शामिल रहे। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदों के साथ ही आशीष कुमार द्विवेदी, कुसुम लता, रणविजय सिंह, दीपिका सिंह पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधि और सदस्य सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की भी भागीदारी रही, जिनमें अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव, राजीव कुमार शुक्ल और अरविंद कुमार राय सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों ने नगर विकास और शहर की बेहतर व्यवस्था के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# भारत विकसित तभी होगा जब हमारी पंचायतों का होगा समग्र विकास : योगेश शुक्ल

### मेजा ब्लाक परिसर में बीडीसी सदस्यों और प्रधानों की आयोजित अंतिम बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की गिनाई गई उपलब्धियां,ब्लाक प्रमुख मेजा ने बीडीसी सदस्यों और ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित योजनाओं की साझा हुई जानकारी

**कार्यक्रम में सीएचसी मेजा की बीपीएम सुमन कुशवाहा ने पंचायत के छः गांवों सुजनी इटवा खुर्द घोरी गड़ेवरा कल्यान पुर और सिरखिडी में टीवी मुक्त मरीज होने का किया दावा**

**मेजा।** मेजा ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को मेजा ब्लाक परिसर में बीडीसी और प्रधानों के कार्यकाल की अंतिम वार्षिक बैठक आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद बीडीसी सदस्यों और प्रधानों को उपहार एवं मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के पश्चात हुई। कार्यक्रम में सर्व प्रथम सीएचसी मेजा की बीपीएम श्रीमती सुमन कुशवाहा ने मरीजों के सुख सुविधा एवं बेहतर इलाज को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर जहां विस्तार से फोकस किया वहीं सीएचसी मेजा और पंचायतों के सहयोग से विकास खंड मेजा के छः ग्राम पंचायतों सजनी,घोरी, इटवा खुर्द, गड़ेवरा, सिरखिडी और कल्याण पर गांवों को टीवी मुक्त होने का दावा किया।

जिसको लेकर संबंधित प्रधानों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। तपश्चात समाज कल्याण विभाग एवं कई अन्य विभागों से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम में मौजूद लोगों को एडीओ समाज कल्याण अधिकारी सुशांतू पांडेय ने विस्तार पूर्वक दिया। इसी क्रम में मेजा के खंड






मेजा ब्लाक में आयोजित बीडीसी सदस्यों और प्रधानों की बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता योगेश शुक्ल और ब्लाक प्रमुख गायत्री मिश्रा को माला पहना कर स्वागत करते प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र सामने बैठे बीडीसी और प्रधान गण

विकास अधिकारी अमित कुमार ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर फोकस करते हुए कहा कि मेजा ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में सरकार की जन लाभकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कर पंचायतों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने सर्व प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों,प्रधानों एवं आम लोगों का आभार जताया और पूर्व की भांति इस अंतिम कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज मैं आपके सबके बीच मौजूद हूं। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए पंचायतों का विकास बेहद अहम है। श्री शुक्ल ने आगे कहा कि देखा जाय तो जनता का सच्चा प्रतिनिधि कोई है तो वह पंचायत प्रधान हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों का आह्वान करते हुए आगामी पंचायत के कार्यकाल में प्रयागराज की 14 सौ पंचायतों में बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक ब्लाकों विशेष तौर पर मेजा ब्लाक में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की अपील करते हुए संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम में पंचायतों के समग्र विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित होने को लेकर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने बीडीओ मेजा अमित कुमार सिंह की जमकर प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि भारत विकसित तभी होगा जब हमारी पंचायतों का विकास होगा। इसी क्रम में प्रधान संघ अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधान काजी मु.मुअज्जम(पप्पू काजी) ने विकास खंड के कुछ ऐसी पंचायतों का मुद्दा उठाया जिसमें प्रमुख द्वारा विकास कार्य को महत्व नहीं दिया गया है उन्होंने समय रहते ऐसे सभी गांवों में प्रमुख निधि से विकास की किरणों को पहुंचाने की पुरजोर अपील किया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन से कार्यक्रम का समापन की घोषणा किया। कार्यक्रम में अपनी बांडी और शब्दों से चार चांद लगाने वाले एक कुशल संचालक एवं विकसित ग्राम पंचायत गड़ेवरा के प्रधान अनिल शुक्ला ने को संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला, प्रधान विजय बहादुर सिंह, कल्लू नेता उर्फ रामधारी बिंद, शिवकुमार शुक्ला, रामजी यादव मुलायम सिंह यादव, अरशद खान, अशोक प्रजापति, मुरारी यादव, हरि विलास यादव, भाजपा योगेश शुक्ला के प्रतिनिधि विनय शुक्ला, बीडीसी प्रतिनिधि अजय यादव, मयंक शुक्ला, राजेश धनगर तथा भागवत पाल आदि के अलावा बड़ी संख्या में बीडीसी और प्रधान तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सामाजिक सद्भाव के आधारशिला पर आरएसएस कर रहा है उत्कर्ष कार्य : मुरली पाल

## स्वयंसेवकों ने द्वारा शहर में निकाला गया विराट पथ संचलन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** संघ शताब्दी वर्ष एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में रविवार को नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज से विराट पथ संचलन निकाला गया। उक्त संचलन में जिले के विभिन्न खंडो व नगर से आए पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। स्वयंसेवक सफेद शर्ट,खाकी पेंट, काली टोपी व हाथ में दंड लेकर अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए चल रहे थे। संचलन जीआईसी से निकलकर चैक घंटाघर,भगवा चुंगी, ट्रेजरी चैराहा, छत्रपति शिवाजी तिराहा होते हुए पुनः जीआईसी पहुंचकर पूर्ण हुआ। इस दौरान हिंदू समाज द्वारा जगह-जगह स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। संचलन में बाल, तरुण और स्वयंसेवकों की भारी संख्या दिखी जो संघ के घोष पर कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर राजकीय इंटर कॉलेज में मुख्य वक्ता काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल का उद्बोधन प्राप्त हुआ। मंचासीन अतिथिगण विभाग संघ चालक रमेश,जिला संघ चालक चिंतामणि एवं प्रांत कार्यवाह मुरली पाल रहे। मंच परिचय जिला कार्यवाह हेमंत कुमार द्वारा कराया गया। एकल गीत रामेंद्र एवं अमृत वचन आरव ने प्रस्तुत किया।इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरलीपाल ने कहा कि शून्य से शतक की यात्रा करने वाला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समूचे विश्व में सामाजिक सद्भाव के आधारशिला पर समाज को उत्कर्ष करने का कार्य कर रहा है। हिंदुओं ने सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों को तथा तन मन धन को अनुसार कर दिया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग प्रचारक ओमप्रकाश,विभाग कार्यवाह हरीश, जिला प्रचारक प्रवीण, विभाग प्रचार प्रमुख प्रभा शंकर, विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रघुवीर, प्रांत घुमंतू प्रमुख शशिभाल, जिला संघचालक अशोक, सह जिला कार्यवाह संतोष, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, जिला सेवा प्रमुख, राजेश जायसवाल शिव प्रसाद, डॉक्टर रंगनाथ,नीतेश, ओमप्रकाश जिला बौद्धिक प्रमुख शेषमणि जिला शारीरिक प्रमुख संतराम जिला सह शारीरिक प्रमुख आशीष, जिला घोष प्रमुख उमंग, अनंत, संतोष, विनोद कार्तिकेय, डॉक्टर सौरभ, जिला हीरेंद्र,सौरभ प्रभात, विहिप जिलाध्यक्ष नागेंद्र मिश्रा, रविसेन, मनीष,अनिल कुमार, रमेश पटेल, नीरज अग्रहरि आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आयुष सिंह का असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर हुआ चयन



**बेलखरनाथ धाम।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस-2024 के अंतिम परिणाम आयुष सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर (जीएसटी) में 45वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस कामयाबी से क्षेत्र में खुशी की लहर है। विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के शेषपुर अठगवा गांव निवासी पूर्व प्रधान धीरेंद्र प्रताप सिंह के नाती आयुष सिंह इससे पूर्व पीसीएस-2018 में आबकारी अधिकारी पद पर चयनित हो चुके हैं तथा वर्तमान में पीसीएस-2023 के तहत जिला कमांडेंट, होमगाड्र्स, बलिया के पद पर कार्यरत हैं। इस बार उनका चयन असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर हुआ था। उनकी निरंतर सफलता उनके परिश्रम,अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। आयुष सिंह की इस उपलब्धि पर पूर्व आईजी स्टाम्प अरविंद प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान सुनील सिंह, भूपेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह कुलदीप सिंह अखंड प्रताप सिंह सहित उनके परिवारजनों,मित्रों ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

## बेलखरनाथ की बेटी ने यूपीएससी में हासिल की 29 वी रैंक



**बेलखरनाथ धाम।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के पिपरी खालसा निवासी अधिवक्ता बार एसोसिएशन पुरातन के उपाध्यक्ष रवि कुमार द्विवेदी की बेटी श्वेता द्विवेदी ने रविवार को जारी यूपीएससी परीक्षा परिणाम में 29वी रैंक हासिल किया है । परिणाम आने पर परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। श्वेता की प्रारंभिक शिक्षा सुशीला देवी कान्वेंट स्कूल महुली से हुई है। स्वेता का यूपीएससी में चयन होने पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र तथा महामंत्री कौशलेंद्र त्रिपाठी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्यामू ओझा, पूर्व भाजयुमो के अध्यक्ष रवि गुप्ता, के. के शर्मा, हरिओम मिश्रा, राजमणि तिवारी, देवी प्रसाद द्विवेदी, शारदा प्रसाद पांडे , अभिषेक मिश्र, आदित्य मिश्र सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है ।

## एआरटीओ बन अहमद सिद्दीकी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**कुंडा।** तहसील क्षेत्र के बिहार विकासखण्ड बिहार ग्राम शिवदीन देवरपट्टी निवासी फराज अहमद सिद्दीकी ने एआरटीओ (सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी) पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। चाचा शकील अहमद सिद्दीकी कुंडा दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं, जो लंबे समय से न्यायिक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे संस्कारों और मार्गदर्शन ने फराज को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। फराज की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे प्रतापगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

## हर्ष पुष्पाकर बने डिप्टी कलेक्टर, जिले का नाम किया रोशन



**कुंडा।** उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम ने जनपद को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि दी है। प्राथमिक विद्यालय विकरा के प्रधानाध्यापक एवं जेठवारा निवासी जगत नारायण पुष्पाकर के सुपुत्र हर्ष पुष्पाकर ने अपनी प्रतिभा और अथक परिश्रम के दम पर डिप्टी कलेक्टर पद हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। हर्ष की सफलता की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। गांव से लेकर शहर तक बधाइयों का तांता लग गया। लोगों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की और इस उपलब्धि को पूरे इलाके की जीत बताया। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर आत्मविश्वास को देते हुए कहा कि अगर मन में लगन हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने हर्ष पुष्पाकर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जनपद में 01 अप्रैल से 15 तक तक चलाया जायेगा स्कूल चलो अभियान

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में स्कूल चलो अभियान सत्र 2026-27 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि स्कूल चलो अभियान का संचालन प्रथम चरण में शैक्षिक सत्र के प्रारम्भ में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक तथा द्वितीय चरण में 01 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किये जायेगे। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अभियान से संबंधित बैनर, होर्डिंग, हैंडबिल एवं पंपलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद स्तर पर अभियान का भव्य शुभारंभ किया जाए तथा प्रचार वाहनों के माध्यम से गांव-गांव जागरूकता फैलाई जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बालवाटिकाओं के माध्यम से 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों की सूची तैयार कर उनका विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। कक्षा 5, 8 एवं 10 उत्तीर्ण छात्रों की सूची संबंधित विद्यालयोंध्निकटतम विद्यालयों को उपलब्ध कराकर अगली कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि करने वाले विद्यालयों में से सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अध्यापकों द्वारा किसी भी बच्चे को जन्म प्रमाण पत्र अथवा आधार पहचान सम्बन्धी दस्तावेजो के अभाव में प्रवेश से वंचित न किया जाये तथा बच्चों के सम्बन्ध में अभिभावक द्वारा दी गई सूचना को प्रवेश हेतु मान्य किया जाये। बालिकाओं की शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जाये क्योकि विभिन्न कारणों यथा घरेलू कार्यो, सामाजिक कारणो अथवा विद्यालय की अधिक दूरी होने आदि के कारण बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अपवंचित वर्ग की बालिकाओ को प्रवेश दिलाया जाये। विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जाये तथा शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पर बच्चो का उत्साहपूर्वक स्वागत किया जाये। स्कूल चलो अभियान के दौरान विद्यालयो के अध्यापको द्वारा अनिवार्य रूप से विद्यालयों के सेवित क्षेत्र का परिवार सर्वेक्षण किया जाये तथा अभिभावको से सम्पर्क कर बच्चो को चिन्हित किया जाये एवं विद्यालय में नामाकन कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चो को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने हेतु जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक मे जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से चार वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

## घर के सामने खेल रहा था मासूम, हादसे के बाद गांव में पसरा मातम

**पट्टी।** कोतवाली पट्टी क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत रमईपुर नेवादा गांव में सोमवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। घर के सामने खेल रहे चार वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रमईपुर नेवादा निवासी विजय शंकर पटेल का पुत्र अर्पित पटेल (4) सोमवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव की सड़क से गुजर रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजन और ग्रामीण तत्काल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक डॉ. रणविजय सिंह के अनुसार, बच्चे को अत्यधिक गंभीर चोटें आई थीं, जिसके चलते उसे बचाया नहीं जा सका। मासूम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है। कोतवाली प्रभारी आनंदपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से लाइनमैन झुलसा

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीथापुर गांव में बिजली का तार दुरुस्त करते समय संविदा लाइनमैन करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, अकारीपुर गांव निवासी संविदा सहायक लाइनमैन श्याम दत्त तिवारी पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण तिवारी पीथापुर गांव में बिजली लाइन की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज करंट दौड़ गया और वह उसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते वह बुरी तरह झुलस गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल मानवता दिखाते हुए घायल लाइनमैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उनका इलाज जारी है और स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर होना चाहिए, नहीं तो ऐसे हादसे आगे भी होते रहेंगे।

# लंबे समय से लंबित दो संपर्क मार्गों का भूमि पूजन के साथ शुभारंभ हुआ निर्माण कार्य

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जनपद के सण्डवा चंद्रिका विकास खण्ड अंतर्गत खैरा गौरबारी क्षेत्र में लंबे समय से लंबित दो महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों का सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इनमें खैरा गौरवारी रानी का इनारा से खेवन का पुरवा तक संपर्क मार्ग तथा सण्डवा चन्द्रिका मार्ग से रामलीला मैदान वाया खैरा ग्राम तक संपर्क मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्रीय जनता को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और स्थानीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। जानकारी के अनुसार उक्त महत्वपूर्ण कार्य भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य के प्रस्ताव एवं विधायक राजेंद्र मौर्य के विशेष प्रयासों से संभव हो सका है।उल्लेखनीय है कि यह सड़कें बीते लगभग 25 वर्षों से जर्जर अवस्था में थीं। अब इनके निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा,बल्कि क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी मजबूती मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक के प्रतिनिधि अरुण मौर्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य ने विधायक सदर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज पुष्पाकर, अजय सरोज, मोनू पांडेय, सभासद बृजेश सिंह, मंडल मंत्री अंजनी पांडेय, बूथ अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, सुखदेव कोरी, राकेश सरोज, अभय तिवारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, रामकृपाल शास्त्री, श्याम प्रकाश तिवारी, अमित मिश्रा, रामकरन पाल,रामकुमार वर्मा,उदय राज वर्मा,सोमनाथ मिश्रा,शुभम मिश्रा,राम अवध मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य प्रवेश द्वार का हुआ भव्य लोकार्पण



**पट्टी।** नगर स्थित रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को मुख्य प्रवेश द्वार का भव्य लोकार्पण उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के संरक्षक पंडित श्याम किशोर शुक्ल ने फीता काटकर प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। लोकार्पण के पश्चात कार्यक्रम का अगला चरण विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जहां अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया, जिससे पूरा सभागार भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में सराबोर हो गया। इसके साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र देव शुक्ल, डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, श्याम शंकर मिश्र भगवान दास मिश्र राजेश्वरी प्रसाद खरे महेंद्र शुक्ला उमापति पाल प्रशस्त तिवारी पंकज तिवारी प्रोफेसर अखिलेश पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही एनसीसी विभाग के एएनओ सुरेश चंद्र मिश्र, प्रभारी निलाभ मिश्र, प्रमोद दूबे, राजेश दूबे, बुदुल सिंह उमाकांत तिवारी विनोद मिश्रा अमित बरनवाल समेत क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रधानाचार्य जी को पुष्प गुच्छ के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता अरुण मिश्रा ने किया।

## शराबी पति से तंग महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत रमईपुर नेवादा गांव में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। गांव निवासी साबरुन पत्नी फौजदार ने पट्टी कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार उसका पति नशे का आदी है और आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता है। सोमवार दोपहर स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब पति नशे में घर पहुंचा और बेरहमी से मारपीट करने के बाद उसे घर से भगा दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला दोपहर करीब ढाई बजे पट्टी कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 11 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित 2 सीडीपीओ कार्यालयों का शिलान्यास

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रीध्सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण, स्मार्टफोन वितरण, बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास व आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण का लोक भवन सभागार लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं द्वारा किया गया।

इसी क्रम में विकास भवन सभागार में जनपद में 11 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों क्रमशः दिव्या सिंह, पूजा पाण्डेय, काजल सिंह, अर्चना देवी, अर्चना यादव, पुष्पा देवी, रेखा यादव, सरला सरोज, शिखा गुप्ता, रूची शुक्ला व ज्योति को जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय सण्ड़वा चन्द्रिका और बाल विकास परियोजना कार्यालय सदर का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा यह नौकरी आपके लिए एक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी उपयोगिता देश सेवा से लेकर छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पोषण देने का कार्य आप द्वारा किया जाता है आपके कंधे पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है इसलिए आपको अपने दायित्व का निर्वहन उचित प्रकार करना है क्योंकि यह देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सुपोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# न्यूज झरोखा

## बेलखरनाथ धाम घाट के नाविको को बांटे गए किट



**बेलखरनाथ धाम।** पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर के बगल सई नदी में नाविक चलाने वाले नाविकों को एक दर्जन किट वितरण किया गया। सोमवार को उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा ब्लाक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह उर्फ पप्पू तहसीलदार पवन सिंह ने एक दर्जन नाव चलाने वाले नाविकों को सुरक्षा हेतु किट वितरण किया गया इस दौरान बेलखरनाथ धाम के पुजारी विश्वनाथ गिरी,अरूण प्रताप सिंह,ब्रदी नाथ गिरी उदय सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई



**लालगंज।** परिषदीय विद्यालय में समारोह पूर्वक सेवानिवृत्त शिक्षक का विदाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राथमिक विद्यालय डभियार के शिक्षक विनोद कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक पद से एवं कंपोजिट विद्यालय उदयपुर से सहायक अध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक श्रीनाथ विश्वकर्मा का सोमवार को डभियार में विदाई समारोह के जरिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नही होता है वह जहां भी रहता है समाज को नई दिशा देता रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ सांगीपुर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र शुक्ल व संचालन सौरभ मिश्र ने किया। इस मौके पर गिरीश शुक्ल, आशुतोष मिश्र, विनोद यादव, पल्लवी शुक्ला, अनुज्ञा श्रीवास्तव, आलोक मिश्र, संदीप यादव, प्रफुल्लचंद पाण्डेय, कमलेश द्विवेदी, आशीष द्विवेदी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**प्रतापगढ़।** बिहारगंज स्थित यूनिवर्स वागीश एकेडमी में रविवार रात को आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से स्कूली बच्चों ने शमां बांध दिया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ नौसेना के पूर्व सैनिक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने किया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया, आकृति, गरिमा ने किया। छात्र सात्विक देवांश, मनु, श्रेया ने मोबाइल की बीमारी नाटक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्वास्तिक हर्षिता, वंशिका ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता का संदेश दिया। छात्रा प्रिया और साक्षी ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक वागीश दत्त त्रिपाठी ने किया। विद्यालय के प्रबंधक जीतेंद्र त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहते है। इससे बच्चों में शारीरिक विकास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। संचालन प्रवीण योगी ने करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में मानसिक विकास होता है। इस मौके पर विश्वजीत सिंह मोहित, दुर्गेश योगी, वीरेंद्र त्रिपाठी, गोविंद, सविता सिंह, लक्ष्मी सिंह, संदीप सिंह, कार्तिक, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई



**कुंडा।** 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे प्राइमरी शिक्षकों के सम्मान में बीआरसी केंद्र बहोरिकपुर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को सम्मानित कर उनके दीर्घकालीन योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गिरस्था के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश मिश्रा, सराय स्वामी की प्रधानाध्यापिका भाग्यशीला पांडे, कंपोजिट विद्यालय बेलहामई के अंबिका सिंह तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बघवाइत की सुषमा त्रिपाठी, उच्च प्राथमिक विद्यालय नारियावा के शिक्षक राजनाथ शुक्ला को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक विनोद सरोज ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं, लेकिन समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी हमेशा बनी रहती है। विदाई का यह क्षण भावुक करने वाला होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आशीष मिश्रा ने की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ बाबागंज के अध्यक्ष राजकरन सरोज, महामंत्री विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कमलेश गौतम, जेपी सिंह,प्रभाकर पांडे, पूर्व अध्यक्ष अरुण पति त्रिपाठी सुरेंद्र पांडेय,अरुण कुमार द्विवेदी ,संजय सरोज, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकाली गयी प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा



**लालगंज।** विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में सोमवार को भगवान श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर गोष्ठी हुई। इसके बाद भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय उपाध्याय की अगुवाई में क्षेत्र के रामपुर बावली से निकली शोभा यात्रा बेलहा, अझारा, चैक होते हुए नगर स्थित हरिहरमंदिरम पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा पर जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सहसमरसता प्रमुख रविकांत ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समरसता का पर्याय है। कार्यक्रम का संयोजन जिला मंत्री नागेन्द्र भूषण शुक्ल एवं अभय मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन सम्राट द्विवेदी, प्रदीप पुष्पाकर, आदर्श श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर बजरंगी, संयोगमणि, साहब शुक्ल, अभय शुक्ल, उमेश मिश्र, गुडडू मिश्र, रामदेव गुप्ता, रवीन्द्र यादव, मदन शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# पिता की हत्या करने वाले दो बेटों पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

**महेवाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अजरौली में हुई हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर हुआ खुलासा**

अखंड भारत संदेश



**महेवा घाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में 28 मार्च की रात में कुल्हाड़ी से मारकर नथन सरोज की हत्या उनके बेटों ने कर दी है महेवाघाट थाना पर मु0अ0सं0 58/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम कलुटिया,लवलेश व झुरई उर्फ बनवारी के नाम पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा घटना के शीघ्र,सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थें इसी क्रम में घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ एवं इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से 24 घण्टे के अन्दर मृतक के दो बेटे लवलेश वा झुरई उर्फ बनवारी वा पत्नी कलुटिया निवासी ग्राम अजरौली को लौगावां नहर के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व हत्या के समय पहने हुए अभियुक्तों के कपड़े बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

पुलिस ने जब गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की तो अभियुक्त लवलेश ने बताया कि पिता नथन लाल की दो शादी हुयी है उनकी पहली पत्नी कलुटिया के दो पुत्र मै लवलेश व झुरई उर्फ बनवारी है तथा उनकी दूसरी पत्नी सावित्री देवी है मेरे पिता द्वारा 3-4 वर्ष पूर्व करीब सवा बीघा जमीन अपनी दूसरी कथित पत्नी सावित्री के नाम लिख दिया था जिससे हम लोग उनसे नाराज रहते थे कुछ दिन पहले पता चला कि मेरे पिता नथन लाल बाकी की बची हुयी करीब ढाई बिघा जमीन भी अपनी कथित दूसरी पत्नी के नाम करना चाह रहे है। इसी बात को लेकर गुस्से में हम तीनों लोगों ने कुल्हाड़ी से मारकर अपने पिता नथन लाल की हत्या कर दी है यह भी बताया कि इस समय मेरी उम्र लगभग 30 वर्ष हो गयी है तथा मेरे नाम कोई जमीन न होने के कारण शादी के लिए कोई भी रिश्ता नही आ रहा है,मैं बार-बार पिता से कहता था कि जमीन मेरे नाम कर दो लेकिन वह नही कर रहे थे,पूरी जमीन कथित दूसरी पत्नी सावित्री को देना चाहते थें। जमीन दूसरी पत्नी को देने के चक्कर में नथन लाल की हत्या हुई है।

# गुजरात से बिहार जा रही पर्यटकों की बस दुर्घटनाग्रस्त तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**ग्रामीणों के सहयोग से बचाव एवं राहत कार्य में थाना पुलिस लग गई**



**कोखराज कौशांबी।** गुजरात से 50 पर्यटकों को लेकर टूरिस्ट बस बिहार जा रही थी सोमवार की भोर लगभग 5:00 बजे जैसे ही पर्यटकों की बस कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे ककोड़ा पेट्रोल पंप के पास पहुंची ओवरटेक करने के चक्कर में पर्यटकों की बस तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई है जिससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है इस दुर्घटना में बस का चालक खलासी और एक पर्यटक घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद बस में सवार अन्य पर्यटक सड़क पर उतर आए हैं पर्यटकों की मांग थी कि उनको दूसरे साधन से उनके गंतव्य स्थान बिहार पहुंचा दिया जाए दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और ग्रामीणों के सहयोग से बचाव एवं राहत कार्य में थाना पुलिस लग गई है इस हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भती कराया गया है जहां घायलों का इलाज चल रहा है दुर्घटना के बाद बस को सड़क किनारे कराया गया है जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न ना हो सके।



## वृद्धाश्रम में डिजिटल साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित

**कौशांबी।** अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वृद्धाश्रम ओसा में बुजुर्गों के लिए डिजिटल साक्षरता विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजना के तहत समाज कल्याण विभाग के निर्देशन में संस्था निर्मल तमसा सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को स्माटफोन के उपयोग,डिजिटल बैंकिंग एवं पेंशन संबंधी सेवाओं के प्रति जागरूक करना था,ताकि वे आधुनिक तकनीक का सुरक्षित और प्रभावी उपयोग कर सकें।इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर नवीन झा ने बुजुर्गों को डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में जहां डिजिटल सुविधाएं जीवन को सरल बना रही हैं,वहीं साइबर धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर बैंक खाते की जानकारी मांगे जाने पर कोई भी विवरण साझा न करें, अन्यथा धोखाधड़ी की संभावना हो सकती है कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के प्रबंधक आलोक राय सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।शिविर के माध्यम से बुजुर्गों को डिजिटल सुरक्षा और जागरूकता के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।

## मोबाइल चोर को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पर 29 मार्च को विजय कुमार पुत्र प्यारे लाल निवासी सवाई बाग लालगंज जनपद रायबरेली द्वारा सूचना दी गयी कि सिराथू बाजार स्थित अपनी दुकान के अन्दर बैठकर खाना खा रहा था उसी दौरान एक व्यक्ति आया और काउंटर पर रखा मेरा फोन लेकर भागने लगा मेरे शोर मचाने पर राह चलते लोगों की मदद से घेरघार कर उस व्यक्ति को पकड़ लिया गया मु0अ0सं0 109/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना सैनी पुलिस ने अभियुक्त अमित उर्फ छोटू पुत्र छेदू निवासी अर्का महाबीर थाना करारी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## बेजुबान पशु भैंस को थार ने मारी टक्कर पशु घायल

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भिखियापुर मांझियावा गांव की राम रती पत्नी गणेश की भैंस घर के बाहर खूंटे से बंधी थी 29 मार्च की रात्रि 9:00 बजे चार पहिया गाड़ी थार के चालक दीपक ने भैंस को टक्कर मार दिया है जिससे भैंस गंभीर घायल हो गई है दुर्घटना में भैंस के गंभीर होने के बाद थार के चालक से महिला ने उलाहना दिया जिस पर थार के चालक दीपक ने उसे गाली गलौज किया और कहा कि ज्यादा बोलो गी तो पूरे परिवार पर गाड़ी चढ़ाकर मार देंगे मामले की सूचना महिला ने चौकी पुलिस भरवारी को देकर नुकसान के भरपाई की मांग की है।

# सीडीओ ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम उद्यमी युवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा के दौरान बैंकर्स को लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने तथा एम.ओ.यू. दाखिल निवेशकों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1727 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 1491 प्रकरण निस्तारित हो चुके है तथा 31 प्रकरण विभिन्न विभाग के स्तर पर लम्बित है, जिसमें-कृषि विभाग-15, श्रम विभाग 03, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-07, विद्युत विभाग-05 एवं बाट माप विभाग-01 है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लम्बित प्रकरण समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रवेश केसरवानी, जगदीश चन्द्र वैश्य, विपिन केसरवानी, प्रमेश गुप्ता, कृष्ण चन्द्र वैश्य, राजू केसरवानी, कुलदीप तिवारी, हर्ष एवं विमल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## व्यापार बन्धु समिति की हुई बैठक

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए मुख्य विकास अधिकारी ने ओसा मण्डी परिसर के अन्दर तौल के लिए धमर्काटा लगाए जाने के प्रकरण पर सचिव,मण्डी को आगामी बैठक तक कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत सराय अकिल के मुक्तिधाम में समर सेबल लगने की मांग पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हो गया है।बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए व्यापारियों से श्रमिकों का पंजीयन कराने की अपील की।

# न्यूज झरोखा

## महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**हररायपुर कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार वा अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक थाना संदीपन घाट के निर्देशन में म0उ0नि0 सुनीता गोयल म0का0 कल्पना म0 का0 स्नेहलता द्वारा ग्राम काजीपुर में जाकर मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही नारी सम्मान नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन सहित विभिन्न योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी।अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वूमन पावर हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सैता पावर हाउस के पास सोमवार को दो बाइक सवार आमने सामने से टकरा गए इस दुर्घटना में अनुराग उम्र 20 वर्ष पुत्र अवधेश निवासी खोराव व फैजान उम्र 19 वर्ष पुत्र इमरान निवासी सकाढा को गम्भीर चोटें आई है जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस एव एम्बुलेंस को दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस 108 की मदद से नजदीकी अस्पताल मूरतगंज में भती कराया है जहाँ पर हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं परिजनों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच गए और मौके से जल्द अस्पताल में ले जाने वाले एम्बुलेंस चालक सुनील कुमार व सहयोगी महेश कुमार की तत्परता से जल्द ही इलाज मिल जाने से परिजनों को राहत मिली हैं मौके से घायलों को जल्द अस्पताल पहुँचाने के लिए परिजनों ने धन्यवाद दिया।

## पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश**

**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 30.03.2026 को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। और फरियादियों को राहत दिया जाए।

## ऑनलाइन संवाद के जरिए पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**कौशाम्बी।** आमजन की शिकायतों के त्वरित,पारदशी एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 30 मार्च को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों तथा प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद स्थापित कर प्रकरणों की जानकारी ली गई है।इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक मामले की वस्तुनिष्ठ समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं पारदशी प्रक्रिया के तहत किया जाए,जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

## एसपी का कौशांबी से हुआ ट्रांसफर

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में 27 आईपीएस अधिकारियों के फेरबदल में कौशांबी के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार का भी स्थानांतरण मेरठ हो गया है। कौशांबी में नए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापति बनाए गए हैं।

# नवनिर्मित 21 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का किया गया लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को दिया नियुक्ति-पत्र आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला स्माटफोन**



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कलेक्ट्रेट में सोमवार को प्रतीकात्मक रूप से 110 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 36 मुख्य सेविकाओं को स्माटफोन प्रदान किया,जनपद में सभी 1775 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्माटफोन प्रदान किया जाएगा सदस्य उ.प्र.राज्य महिला आयोग, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर व भरवारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री-कमला विश्वकर्मा,आरती देवी व आंचल गुप्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिका पूजा,विमला देवी,नीलम रीना,आरती देवी,अंजली यादव व फिजा नाज को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम में जनपद में नवनिर्मित 21 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण भी किया गया सदस्य उ.प्र.राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।सदस्य उ.प्र.राज्य महिला आयोग अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर व भरवारी एवं मुख्य विकास अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नए सत्र में बच्चों का प्रवेश प्रारंभ प्रधानाचार्य ने तिलक लगा किया शुभारंभ बच्चों में उल्लास

अखंड भारत संदेश

**मुख्य अतिथि सभासद रणविजय ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर बच्चों को वितरण किया अंकपत्र**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कोखराज थाना क्षेत्र में दिनांक 30.03.2026 को प्राथमिक विद्यालय नोडिया आमद करारी में प्रधानाचार्या नूतन शाक्या के द्वारा वार्षिकोत्सव,मेधावी छात्र/छात्रा को सम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 10 मंगल पांडेय नगर सभासद रणविजय ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया कार्यक्रम में कक्षा 5 में उत्तीर्ण बालक व बालिकाओं को अंक पत्र देकर उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश व उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया और नए सत्र 2026 व 2027 में नए बच्चों के प्रवेश के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जिससे हर घर शिक्षा की गूंज हो इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे जिसका आने वाली पीढ़ियों को किसी भी प्रकार का अज्ञानता रूपी कष्ट से जूझना न पड़े ,प्रधानाचार्या नूतन शाक्या ने बच्चों को तिलक लगाकर उनके अगली कक्षा में पढ़ाई की शुभकामनाएं दी और बच्चों को नैतिकता की शिक्षा दी सहायक अध्यापक ओम कृष्ण पांडेय ने सभी बच्चों को पुरस्कृत कर सभी छात्र छात्राओं को आशिर्वाद दिया कार्यक्रम में सहायक अध्यापक, अजय कुमार कुशवाहा,कल्पना वर्मा,शैलेन्द्र कुमार,आदि गणमान्य नागरिक व ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# करोड़ों कीमत जमीन की मालकिन सबीना की संदिग्ध दशा में मौत

अखंड भारत संदेश

हररायपुर कौशांबी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के धन्नी गांव की रहने वाली सबीना पुत्री सलीम करोड़ों रुपए कीमत के जमीन की मालकिन थी पिता सलीम ने अपनी बेटी सबीना के नाम अपनी संपत्ति को वरासत कर दिया था सलीम की मौत के बाद उनकी संपत्ति बेटी सबीना के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो गई पिता की करोड़ों की संपत्ति बेटी सबीना को मिलने के बाद उनके भाई शमशाद जमीन को अपने नाम करने का बार-बार दबाव बना रहे थे परिवार के लोगों का कहना है कि मारपीट कर सबीना की जमीन शमशाद ने अपने नाम करवा लिया है उसके बाद करोड़ों कीमत की जमीन की मालकिन सबीना भूखे मरने पर मजबूर हो गई परिवार के लोगों ने ही आरोप लगाया है कि इसी बात को लेकर शमशाद ने अपनी बहन सबीना को 29 मार्च की आधी रात को लाठी डंडे से इतना पीटा कि पिटाई से सबीना की मौत हो गई है बताया जाता है कि इसके पहले भी कई बार सबीना की पिटाई की जा चुकी है सबीना की मौत के बाद उसकी विधवा भाभी अंजुम पत्नी स्व इरशाद ने संदीपन घाट पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने और हत्या करने वाले को जेल भेजने की मांग की है अंजुम मुंबई में रहती हैं और मोबाइल फोन के जरिए उन्होंने पुलिस को सूचना भेजी थी लेकिन पोस्टमार्टम भेजने के पहले ही परिवार के लोगों ने सबीना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है सबीना की मौत के मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा बना अस्थायी बस अड्डा, हादसों को दे रहा खुला न्योता

अखंड भारत संदेश

**समय रहते नही चेता प्रशासन तो बड़े हादसे का गवाह बन सकता है अझुवा हाइवे**



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र से गुजरने वाला व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों अव्यवस्था का शिकार होकर मानो अस्थायी बस अड्डे में तब्दील हो गया है। भोला चौराहे से नवीन मंडी समिति तक सड़क किनारे बेतरतीब खड़े ट्रक,विक्रम टेंपो और अन्य सवारी वाहन यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। हालत यह है कि हाईवे पर चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम एवम साप्ताहिक बाजार बुधवार एवम रविवार को और भी स्थिति भयावह हो जाती है,जब सवारी भरने के चक्कर में टेंपो चालक बीच सड़क पर ही वाहन रोक देते हैं। वहीं,बड़े ट्रक भी बिना किसी निर्धारित स्थान के घंटों खड़े रहते हैं, जिससे फोर लेन सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नगर पंचायत अझुवा निवासी राजू केसरवानी ने कहा यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं,लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। न तो यहां कोई ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नजर आती है और न ही अवैध पार्किंग पर कोई कारवाई होती दिख रही है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।कुछ माह पहले ही इस मार्ग पर भोला चौराहे के समीप एक स्कूली छात्र को ट्रक ने कुचल दिया था परिजनों और स्थानीय निवासियों के विरोध स्वरूप तभी प्रशासन हरकत में आया और स्कूल समय में सुबह और शाम को कुछ घंटे के लिए ट्रैफिक व्यवस्था की गई ।शेष समय आम जनमानस भगवान भरोसे अझुवा हाइवे से गुजरता है।मोहम्मद अनीश ने कहा अभी बीते शुक्रवार 2 दिन पहले इसी राष्ट्रीय राजमार्ग के डोरमा पेट्रोल पम्प के पास हुई भीषण दुर्घटना में 8 लोग काल कवलित हो गए,2 महिलाओं की इलाज में स्वरूप रानी अस्पताल में मौत हो गई अभी भी उसी दुर्घटना में घायल कई लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।अझुवा हाइवे के क्षेत्र में बीते 2 वर्षों में 50 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटना से असमय मौत हुई सैकड़ों लोग अंग भंग हुए।इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।स्थानीय नागरिक इलियास ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए,हाईवे से अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

## सम्पादकीय

# बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

**एचडीएफसी** बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निदेशों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निदेशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे 'विजन स्टेटमेंट' के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए।

किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को 'इतना बड़ा कि फेल नहीं हो सकता' की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफे के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरूआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा- 'बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर-तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं।' एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है। यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 'मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम' का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दशार्ता है। फिर भी, जैसा कि इस्तीफे के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दशार्ती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ-साफ और विस्तार से बतानी चाहिए थीं।

# रणनीतिक स्वायत्तता या अनिश्चितता? भारतीय कूटनीति का बदलता स्वरूप

**अरुण कुमार डनायक**

**संकट** के चलते अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ बढ़ा है, चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है तथा खाड़ी क्षेत्र में रह रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा गंभीर चिंता बन गई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने संसद को स्थिति से अवगत कराया, किंतु ट्रंप के पाँच दिवसीय युद्धविराम, पाकिस्तान-तुर्की-मिस्र की मध्यस्थता, संघर्ष की जड़ तथा ईरान के साथ हुई बातचीत के ठोस परिणाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित स्पष्टता नहीं दिखी।

भारतीय विदेश नीति की विशिष्टता लंबे समय तक यह रही कि उसने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संप्रभुता, उपनिवेशवाद-विरोध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को समान महत्व दिया। नेहरू के नेतृत्व में भारत ने महाशक्तियों की गुटबंदी से दूर रहकर शांति, संप्रभुता और गुटनिरपेक्षता के माध्यम से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखी। नेहरू केवल आदर्शवादी नहीं थे; आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने व्यावहारिक कूटनीति का भी परिचय दिया। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों से तकनीकी सहयोग सीमित होने पर भारत ने सोवियत संघ तथा बाद में यूरोपीय देशों के साथ औद्योगिक सहयोग स्थापित कर संतुलनकारी कूटनीति का परिचय दिया।

इंदिरा गांधी ने जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में कूटनीतिक दृढ़ता दिखाई। 1971 के युद्ध में अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत अपनी रणनीति पर अडिग रहा। शिमला समझौता ने संघर्ष के बाद भी कूटनीतिक समाधान व क्षेत्रीय सहयोग की उसकी प्रतिबद्धता को दशार्या। यद्यपि नेहरू की कश्मीर-चीन नीति और इंदिरा गांधी के शिमला समझौते को लेकर आलोचनाएँ होती रही हैं, किंतु तत्कालीन वैश्विक परिस्थितियों में दोनों ने भारत के आत्मसम्मान और संप्रभुता से समझौता नहीं किया। भारतीय विदेश नीति में एक निर्णायक मोड़ पी व्ही नरसिम्हा राव के कार्यकाल में आया, जब शीत युद्ध समाप्त हुआ और वैश्विक व्यवस्था उदारीकरण की ओर बढ़ी। सोवियत संघ के पतन के बाद राव ने आर्थिक कूटनीति, 'लुक ईस्ट नीति' और पश्चिमी देशों के साथ संबंध सुधारकर विदेश नीति को नए सिरे से पुनर्संतुलित किया। उनके समय में भारत ने 1992 में इस्रायल के साथ पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित किए और राजीव गांधी द्वारा शुरू की गई चीन के साथ संबंध सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 1993 के सीमा शांति समझौता किया।

अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भी यही परंपरा दिखाई देती है। वैचारिक भिन्नता के बावजूद उन्होंने विदेश नीति में नेहरूजी की परंपरा के अनुरूप समावेशी और संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। परमाणु परीक्षणों के बाद उन्होंने अमेरिका के साथ संबंधों को पुनर्संतुलित किया, साथ ही पाकिस्तान और चीन के साथ संवाद बनाए रखा।

डॉक्टर मनमोहन सिंह की विदेश नीति ने भारत को विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित किया। उन्होंने न केवल अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौता किया, बल्कि 'लुक ईस्ट' नीति को दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों तक विस्तार देकर और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर विकासशील देशों के हितों की रक्षा कर दीर्घकालिक नैतिकता और व्यावहारिकता प्रदर्शित की ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति में बहु-संरेखण और वैश्विक मंचों पर सक्रिय कूटनीतिक उपस्थिति प्रमुख विशेषताएँ बनकर उभरी हैं। भारत 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज के रूप में लंबे समय से देखा जाता रहा है—इसकी नींव नेहरू युग के बांडुंग (इंडोनेशिया) सम्मेलन से पड़ी, जिसे मोदी सरकार ने विभिन्न रूपों में आगे बढ़ाया। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने रूसी तेल खरीदकर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की और साथ ही शांति प्रयासों का समर्थन करते हुए व्यावहारिक कूटनीति से आर्थिक लाभ भी अर्जित किया। लेकिन बार-बार बदलती कूटनीतिक प्राथमिकताएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति को लेकर अनिश्चितता की धारणा उत्पन्न करती हैं।



प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति में प्रारम्भ में व्यक्तिगत समीकरण बनाने, परंतु प्रतिकूल परिस्थितियों में संवाद की निरंतरता बनाए रखने में संकोच की प्रवृत्ति दिखती है। शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक निकटता के बावजूद सीमा तनाव के बाद शीर्ष स्तर पर संवाद ठहर गया, और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ व्यापारिक मतभेदों के दौरान प्रत्यक्ष संवाद से परहेज भी देखा गया। यह शैली अल्पकाल में तनाव टाल सकती है, किंतु दीर्घकाल में नीति की निरंतरता और विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाती है।

पश्चिम एशिया में हाल के संकट ने इस चुनौती को और स्पष्ट किया है। ईरान-इजराइल-अमेरिका तनाव के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बाधित होने से भारत के कई ऊर्जा-वाहक जहाज प्रभावित हुए। भारत के कूटनीतिक प्रयासों के चलते ईरान ने कुछ भारतीय जहाजों को अस्थायी सुरक्षित मार्ग दिया। ऊर्जा आयात सुनिश्चित करने के लिए भारत ने रूस समेत 41 देशों के साथ सहयोग मजबूत किया है, किंतु विश्लेषक मानते हैं कि दीर्घकालिक रणनीति और समयबद्ध प्रयास अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

संकट के चलते अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ बढ़ा है, चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है तथा खाड़ी क्षेत्र में रह रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा गंभीर चिंता बन गई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने संसद को स्थिति से अवगत कराया, किंतु ट्रंप के पाँच दिवसीय युद्धविराम, पाकिस्तान-तुर्की-मिस्र की मध्यस्थता, संघर्ष की जड़ तथा ईरान के साथ हुई बातचीत के ठोस परिणाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित स्पष्टता नहीं दिखी। चीन जैसी महाशक्ति के प्रत्यक्ष पड़ोसी होने से भारत पर बहुस्तरीय दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण से यह आभास होता है कि भारत अब पूर्ण तटस्थता की बजाय इजराइल और अमेरिका के साथ अधिक निकट समन्वय की ओर बढ़ रहा है। ऐसे परिदृश्य में बहु-संरेखण पर आधारित नीति कुछ लचीलापन देती है, किंतु स्पष्ट और सुसंगत रुख की कमी इसकी निरंतरता पर प्रश्न खड़ा करती है। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट और संतुलित रुख अपनाने तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखने पर सहमति बनी। हालांकि, संकट के समय यदि प्रधानमंत्री और प्रमुख विपक्षी नेता राहुल गांधी दोनों उपस्थित रहते, तो इससे भारत की कूटनीतिक एकजुटता का और अधिक सशक्त संदेश विश्व को जाता।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में संसद में विदेश नीति पर गंभीर एवं निरंतर बहस की परंपरा को सुदृढ़ करना आवश्यक है। अतीत की तरह आज भी व्यापक संवाद जरूरी है, जिससे नीति-निर्माण अधिक संतुलित बने और दूरदर्शी नेतृत्व विकसित हो। इसके साथ ही सर्वदलीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों तथा विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों को सरकार अधिक प्रभावी ढंग से अपनाए। कूटनीतिक मजबूरियों में सरकार जो नहीं कह पाती, उसे विपक्ष आसानी से कह सकता है। पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों ने इसका अक्सर उपयोग किया। मोदी सरकार को भी इस संकट में विपक्ष की मदद लेनी चाहिए।

अपनी संतुलित कूटनीतिक विरासत के कारण भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारी समृद्ध कूटनीतिक परंपरा ने यह सिद्ध किया है कि सिद्धांत और राष्ट्रीय हित एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। महात्मा गांधी ने कहा था – 'सिद्धांत विहीन राजनीति एक पाप है'। बहु-संरेखण की नीति ने भारत को कई अवसर प्रदान किए हैं, किंतु व्यक्तिगत समीकरणों पर आधारित कूटनीति में बार-बार दिखने वाली परिवर्तनीयता दीर्घकालिक निरंतरता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है। इसलिए आज सबसे बड़ी चुनौती विदेश नीति को अधिक सिद्धांतनिष्ठ, सुसंगत और पूर्वानुमेय बनाना है—यही वह आधार है, जो किसी राष्ट्र को स्थायी सम्मान और वैश्विक प्रभाव प्रदान करता है।

## भदोही में 121 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, गिरोह के अन्य सदस्य फरार

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज (भदोही)। जनपद** में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपीगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 121 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।





पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में गोपीगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। ज्ञानपुर स्टेशन रोड के पास रेलवे की खाली जमीन के निकट संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान समरजीत यादव (25) निवासी महबूबपुर थाना भदोही और प्रदीप सरोज (26) निवासी राईपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक सफेद रंग की टाटा पंच कार से तीन बोरियों में भरा 121 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पूछताछ में खुलासा

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से सस्ते दाम में गांजा खरीदकर वाराणसी में ऊंचे दाम पर बेचने के लिए लाए थे। वे यहां कुछ लोगों को सप्लाई देने के लिए इंतजार कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

मुकदमा दर्ज

इस मामले में थाना गोपीगंज में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/25 तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

कार्रवाई में शामिल टीम

गिरफ्तारी में निरीक्षक अपराध अजय विक्रम यादव, उपनिरीक्षक कैलाश सिंह यादव, कुलदीप कुमार मिश्रा, उमेश सिंह सहित गोपीगंज पुलिस टीम और स्वाट/सर्विलांस टीम के सदस्य शामिल रहे।

## पश्चिम एशिया में युद्ध फैलने से एक और वैश्विक आर्थिक संकट का खतरा

**अंजन रॉय**

**हमलों** और जवाबी हमलों के बाद, वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस बाजारों में हलचल मच गई है, और ब्रेंटक्रूड की कीमतें 114डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। आशंका है कि यदि इन हमलों के दुष्परिणामों को शीघ्रता से नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले हफ्तों में तेल की कीमतें और भी ऊंचे स्तर पर पहुंच सकती हैं।



पश्चिम एशिया का संकट अब एक वैश्विक आर्थिक चुनौती में बदल गया है। इसकी शुरूआत इजराइल द्वारा 'साउथ पार्स' गैस क्षेत्र पर किए गए हालिया हमलों और ईरान द्वारा कतर के पड़ोसी 'नॉर्थ डोम' गैस क्षेत्र में स्थित कतरी गैस सुविधाओं पर किए गए हमलों से हुई है। निस्संदेह, युद्ध और भड़क गया है और इस पर नियंत्रण बहुत कम है—कम से कम संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए तो बिल्कुल भी नहीं।

ईरान का 'साउथ पार्स' गैस क्षेत्र और कतर का 'नॉर्थ डोम' गैस क्षेत्र एक ही भूभाग पर स्थित हैं और एक-दूसरे से सटे हुए हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप, खरबों क्यूबिक फीट के विशाल गैस भंडार वाले ये क्षेत्र प्रभावी रूप से निष्क्रिय हो गए हैं। ये क्षेत्र दुनिया की प्राकृतिक गैस की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पूरा करते थे।

भारत इन क्षेत्रों से उत्पादित कतरी प्राकृतिक गैस के मुख्य खरीदारों में से एक रहा है। इन हालिया हमलों के परिणामस्वरूप, भारत अपने सबसे भरोसेमंद आपूर्ति स्त्रोत से वंचित हो जाएगा।

हमलों और जवाबी हमलों के बाद, वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस बाजारों में हलचल मच गई है, और ब्रेंटक्रूड की कीमतें 114डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। आशंका है कि यदि इन हमलों के दुष्परिणामों को शीघ्रता से नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले हफ्तों में तेल की कीमतें और भी ऊंचे स्तर पर पहुंच सकती हैं।

अपने चिर-परिचित अंदाज में, डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'साउथ पार्स' क्षेत्र पर इजराइल द्वारा किए गए हमलों के बारे में किसी भी पूर्व जानकारी होने से इनकार कर दिया है। इसके लगभग तुरंत बाद ही, इजराइल के कुछ शीर्ष रक्षा अधिकारियों ने यह बयान दिया कि 'साउथ पार्स' पर हमले करने का निर्णय संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परामर्श करने के बाद ही अंतिम रूप दिया गया था।

ट्रम्प के झूठ को एक तरफ रख दें, तो गैस क्षेत्रों पर हुए हमले और कतर की सभी तेल एवं गैस सुविधाओं के निष्क्रिय हो जाने की घटनाएं, मौजूदा पूरी स्थिति पर एक गहरा संकट खड़ा कर रही हैं। इन प्रत्यक्ष हमलों के कारण, अब यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सामान्य स्थिति में लौट पाएगी—भले ही दोनों पक्षों के बीच शत्रुता समाप्त हो जाए। इन क्षेत्रों को दोबारा सामान्य रूप से संचालित होने में काफी अधिक समय लगेगा।

गैस क्षेत्रों पर हुए इन विनाशकारी हमलों के आलोक में, आर्थिक परिदृश्य में भारी बदलाव आया है। दुनिया के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में शेयरों के मूल्यों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक आपातकालीन बैठकें कर रहे हैं और अपनी-अपनी मौद्रिक नीतियों के ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं।

वास्तव में, केंद्रीय बैंक अपने समष्टि-आर्थिक मॉडलों और अपनी अनुमानित ब्याज दर संरचनाओं को फिर से तैयार कर रहे हैं। जबकि प्रमुख सेंट्रल बैंक नरम मौद्रिक नीति के रास्ते पर थे, इन झटकों ने मापदंडों को एक अधिक रूढ़िवादी रास्ते पर फिर से ला दिया है - भले ही उसकी दिशा पूरी तरह से सख्त ब्याज दर व्यवस्था की ओर न हो।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड, दोनों ने ब्याज दरों में कटौती पर अपने फैसले रोक लिए हैं। जब तक लड़ाई शुरू नहीं हुई थी, प्रमुख सेंट्रल बैंक लगातार ब्याज दरों में कटौती करने की तैयारी में थे। ये कटौतियां प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कीमतों में नरमी को देखते हुए सोची गई थीं, लेकिन लड़ाई शुरू होने के बाद स्थिति पूरी तरह से उलट गई।

डोनाल्ड ट्रम्प, जो शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव पर बहुत भरोसा करते थे, ने खुद को एक मुश्किल स्थिति में पाया। सभी प्रमुख आर्थिक आंकड़े नकारात्मक रुझान दिखा रहे थे। रोजगार सृजन सिकुड़ गया है, या शायद नकारात्मक दायरे में चला गया है। कीमतें बढ़ रही थीं, जिससे ब्याज दरों में सुधार की जरूरत महसूस हो रही थी, और भविष्य की संभावनाएं नकारात्मक दिख रही थीं।

वैश्विक शिपिंग निगरानी संस्था, अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने मौजूदा स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार को लंदन में अपनी आपात बैठक की। खाड़ी क्षेत्र में दर्जनों जहाज फंसे हुए हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने में असमर्थ हैं। इन रुके हुए जहाजों पर ऐसे नाविक हैं जो युद्ध क्षेत्र से बाहर निकलना चाहते हैं। आईएमओ का अनुमान है कि लड़ाई और अपनी सुरक्षा को लेकर लगातार डर के बीच, खाड़ी क्षेत्र में लगभग 20,000 नाविक फंसे हुए हैं। इन नाविकों को वहां से निकालना जरूरी है। हालांकि, इसके लिए उनकी जगह वैकल्पिक समुद्री चालक दल की जरूरत होगी, जिसे पाना मुश्किल था।

इसलिए, प्रमुख शिपिंग कम्पनियां इस दुविधा में हैं कि इस स्थिति से कैसे निपटा जाए। इस स्थिति में आईएमओ बस यही कर सकता था कि वह शांतिपूर्ण समय की उम्मीद जताए, ताकि जहाज बाहरी शिपिंग चैनलों में जा सकें।

## कालीन कंपनी में बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म, दो पर प्राथमिकी

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**गोपीगंज। थानाक्षेत्र** के एक कालीन कंपनी में बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म के आरोप में कंपनी के ही दो मजदूरों हीरालाल निवासी गदहिया कर्वी चित्रकूट और विवेकानंद सिंह निवासी गढ़वा झारखंड पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि बुनकर की अनुपस्थिति में दो मजदूरों ने उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झिलिया पुल के पास स्थित कालीन कंपनी में एक बुनकर कालीन बुनाई का काम करता था। वह कंपनी के ही सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। बुनकर पति दो दिन के लिए गया था, आरोपी कम्पनी में कार्य करते थे। बुनकर दो दिन के लिए बाहर गया था। आरोप है कि इसी बीच मौका पाकर कंपनी में कार्यरत हीरालाल और विवेकानंद सिंह ने बुनकर की पत्नी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पति के आने के बाद घटना की जानकारी दी। इसके बाद बुनकर ने कोतवाली पहुंचकर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।






घटना के बाद से दोनों आरोपी भाग गए हैं। क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक को गिरफ्तार कर लिया गया है दूसरे की तलाश जारी है।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम की मिसाल,दिवंगत शिक्षिका के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता

**सुलतानपुर** के ब्लॉक अखंडनगर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हसनपुर टैनी की दिवंगत शिक्षिका सुनीता देवी (शिमि) के परिवार के प्रति शिक्षक समाज ने एक बार फिर संवेदनशीलता और एकजुटता की अनूठी मिसाल पेश की है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम (ळरउळ) परिवार द्वारा उनके नामिनी पति बुद्धिराम प्रजापति को लगभग 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे खाते में हस्तांतरित की गई।गौरतलब है कि सुनीता देवी का निधन 11 मार्च 2025 को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हो गया था। इस दुखद घटना के बाद टीएससीटी ने तत्परता दिखाते हुए पूरे प्रदेश के शिक्षकों को एक मंच पर जोड़ा और छोटी-छोटी सहयोग राशि से बड़ा संबल तैयार किया।टीएससीटी जनपद प्रवक्ता वैभव सिंह ने बताया कि प्रदेश भर से 3 लाख से अधिक सदस्यों द्वारा मात्र 15 रुपये 50 पैसे के सहयोग से यह बड़ी राशि जुटाई गई, जो सीधे नामिनी के खाते में भेजी गई।



## सुल्तानपुर के पंकज वर्मा बने एसडीएम, गांव में जश्न का माहौल

**सुल्तानपुर।उत्तर** प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा घोषित वढ ढउर 2024 के परिणाम में सुल्तानपुर जिले के इसहाकपुर गांव के पंकज वर्मा ने शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने 22वीं रैंक प्राप्त कर एसडीएम (र४ ऊ्र२ङ्गल्ल' ट्र२३१३ी) पद हासिल किया है।पंकज वर्मा, सुल्तानपुर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्टेला मारिश कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक रहे ओ.पी. वर्मा के सबसे बड़े पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार, गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पंकज वर्मा ने सफलता पाने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया।



वे इससे पहले आईएएस परीक्षा के 5 मेन्स और 2 इंटरव्यू तक पहुंच चुके थे। लगातार प्रयास, धैर्य और मेहनत के दम पर आखिरकार उन्हें यह सफलता हासिल हुई। करीब 33 वर्ष की उम्र में मिली इस उपलब्धि से उनके घर-परिवार में जश्न का माहौल है, वहीं गांव के लोग भी गर्व महसूस कर रहे हैं !!

## शिक्षा की रोशनी में सजा वार्षिकोत्सव: नन्हे कदमों से भविष्य की उड़ान

**सुल्तानपुर**

**जनपद** के कुड़वार विकासखंड अंतर्गत कृष्णा बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल, कृष्णा नगर नरही (पोस्ट भाटी) के प्रांगण में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतीत के रूप में डॉक्टर उदयनाथ यादव व कुड़वार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह ह्यबबलूह्ण एवं विधायक सुल्तानपुर अनूप सडा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने विद्यालय तक जाने वाले मार्ग पर अपने कार्यकाल में खड़ंजा निर्माण कराने का आश्वासन दिया। वहीं विधायक अनूप सडा जी ने नरही की पावन धरती को नमन करते हुए विद्यालय परिवार को अपना परिवार बताया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। और इंसान से और ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन इंसान व उपाध्यक्ष राजेश को पत्रकार ने इस स्कूल में कक्षा 8 के सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र अर्पित यादव को इंसान सेवा ट्रस्ट की तरफ से एक साइकिल देने का भी वादा किया।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनूप सडा, ज्ञान प्रकाश यादव, त्रिजुगी नारायण, अर्जुन (इंसान सेवा ट्रस्ट), डॉ. सुरेश यादव, डॉ. उदयनाथ यादव, अवधेश यादव, दस्तावेज लेखक अरविंद सिंह यादव।



# जिले में रोजगार का महोत्सव, 490 नियुक्तियों से सशक्त हुआ सुपोषण अभियान

**1 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश



नियुक्ति पत्र वितरित करते नगर पालिका अध्यक्ष

**चित्रकूट।** जिले की धरती पर सोमवार को सुपोषित उत्तर प्रदेश- सशक्त भारत मिशन का ऐसा उजाला फैला, जिसने न केवल रोजगार के नए दीप जलाए, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य की उम्मीदों को भी नई उड़ान दी। जनपद के मल्टीपर्पज ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 4 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और 486 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, मानो विकास की लौ अब हर गांव तक पहुंचने को आतुर हो। मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन ने नवनियुक्त कर्मियों के भीतर सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की नई ऊर्जा का संचार किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में जहां आंगनवाड़ी केंद्रों की बढ़ती विश्वसनीयता पर मुहर लगाई, वहीं अपनी पुत्री के उदाहरण से इन केंद्रों की गुणवत्ता का प्रमाण भी दिया। उन्होंने डिजिटल सशक्तिकरण को अनिवार्य बताते हुए स्मार्टफोन के उपयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि 1088 केंद्रों में रिक्त पदों की भर्ती पूरी तरह मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर की गई है, जिससे अब हर केंद्र पर सहायिका की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। कार्यक्रम में 7 नए आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण भी विकास की नई इबारत लिख गया। जनप्रतिनिधियों ने कोरोना काल में आंगनवाड़ी कर्मियों के योगदान को याद करते हुए भविष्य में मानदेय वृद्धि के संकेत भी दिए। अंततः यह आयोजन केवल नियुक्ति पत्र वितरण नहीं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और सशक्त समाज की ओर बढ़ते कदमों का उत्सव बन गया।

## राजापुर में एसबीआई शाखा में आग, महत्वपूर्ण रिकॉर्ड जलकर नष्ट

**चित्रकूट।** राजापुर कस्बे में सोमवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब भारतीय स्टेट बैंक की शाखा अचानक आग की लपटों में घिर गई। सायरन की चीखती आवाजों ने सन्नाटे को तोड़ा और देखते ही देखते इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद राजापुर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बैंक के कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड जलकर राख हो गए, जिससे प्रशासनिक हलकों में चिंता गहराई है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है और वास्तविक नुकसान का आकलन बैंक कर्मियों के पहुंचने के बाद ही हो सकेगा।

# बरगढ़ में गूंजा 'जियो और जीने दो', महावीर जन्म कल्याणक पर उमड़ा सैलाब

अखंड भारत संदेश



महावीर जयंती पर शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र में सोमवार को जैन समाज की आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महापर्व पूरे श्रद्धा भाव से मनाया गया। श्री कुथुनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बरगढ़ बाजार में प्रातःकालीन अभिषेक, शांतिधारा और दीप प्रज्वलन के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। जियो और जीने दो के संदेश को आत्मसात करते हुए श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंची। बैंड-बाजा और डीजे की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं हाथी-घोड़े और आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शाम को मंदिर परिसर में भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान महावीर के जीवन दर्शन को जीवंत किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने अहिंसा, सत्य और शांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

- अधिकारियों को मिला अल्टीमेटम
- अतिक्रमण हटाने और सुविधाएं सुधारने के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक इस बार सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि सख्त संदेशों और तेज फैसलों का मंच बनकर उभरी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में निवेश मित्र पोर्टल से लेकर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद तक हर योजना की परतें खुलीं। लंबित आवेदनों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि कृषि विभाग के आवेदन तुरंत निपटें- अब फाइलों में कैद विकास बर्दाश्त नहीं होगा। युवा उद्यमी विकास योजना में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि पर बैंकर्स की पीठ थपथपाई गई, लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी गई कि लिया गया ऋण सही रोजगार में लगे और दूसरों के लिए भी अवसर पैदा करे। व्यापारियों की समस्याओं पर राज्य कर विभाग को सीधा जिम्मा सौंपते हुए कहा गया कि शिकायतें अब लंबित नहीं रहेंगी। बैठक में कर्वी मंडी के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के निर्देशों ने सख्ती का संकेत दिया, वहीं मंडी परिसर की जर्जर सड़कों और बदहाल रोशनी व्यवस्था को दुरुस्त करने का आदेश भी दिया गया। स्टाम्प और राजस्व से जुड़े लंबित मामलों को लेकर भी प्रशासन ने स्पष्ट समयसीमा तय कर दी। बिजली आपूर्ति की शिकायतों पर विद्युत विभाग को चेताया गया कि व्यापारी अब अंधेरे में कारोबार नहीं करेंगे। अंततः अधिकारियों ने व्यापारियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन और जीएसटी में पंजीकरण कराने का आह्वान करते हुए संकेत दिया कि अब व्यवस्था पारदर्शिता और जवाबदेही के नए दौर में प्रवेश कर रही हैकृजहां ढिलाई की कोई जगह नहीं।

## जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ, किशोरियों को मिलेगा लाभ

**चित्रकूट।** जिले में सोमवार को स्वास्थ्य व्यवस्था ने उम्मीद की एक नई इबारत लिख दी, जब सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। रिबन कटते ही संदेश साफ था- अब बेटियों की सुरक्षा सिर्फ शब्दों में नहीं, सुई की एक सटीक ताकत में सिमट आई है। 14 वर्ष की किशोरियों को एएनएम द्वारा टीका लगाकर तत्काल ऑनलाइन पंजीकरण किया गया और प्रमाणपत्र सौंपे गए। अधिकारियों ने अभिभावकों को समझाया कि सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार यही वैक्सीन है। जिले में लगभग 13 हजार बालिकाओं को इस सुरक्षा कवच से जोड़ने का लक्ष्य तय हुआ है। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सक्रियता से यह अभियान गाँव-गाँव तक पहुंचेगा।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 573 लाभार्थियों को 2500 रुपए की आर्थिक सहायता



योजना पर दीप प्रज्जवलित करते अधिकारीगण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश की सरकार ने संवेदनाओं को योजनाओं में ढालते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के जरिए उन नन्हीं जिंदगियों को सहारा देने का बीड़ा उठाया है, जिनके सिर से माता-पिता या अभिभावक का साया उठ चुका है। यह महज एक योजना नहीं, बल्कि टूटते सपनों को फिर से जोड़ने की कोशिश है, ताकि अभाव की आंधी किसी बच्चे की शिक्षा और परवरिश को न लील सके। योजना के तहत 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ या अर्ध-अनाथ बच्चों के साथ-साथ 18 से 23 वर्ष के उन युवाओं को भी शामिल किया गया है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की लौ जलाए हुए हैं। पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल पर प्रक्रिया शुरू की गई है, जहां आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर संबंधित कार्यालयों में हार्ड कॉपी जमा करना अनिवार्य है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 573 लाभार्थियों के खातों में कुल 42,97,500 रुपए की धनराशि भेजी गई है।

## जिले में त्योहारों व परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू, 25 मार्च से 24 मई तक प्रतिबंध

- भीड़भाड़ व धार्मिक आयोजनों पर निगरानी
- परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष प्रतिबंध

**चित्रकूट।** जिले में आगामी त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र शेखर के अनुसार 26-27 मार्च को राम नवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती तथा 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के साथ-साथ होमगार्ड भर्ती, नीट एवं अन्य परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य भी चल रहा है। जनपद में रामघाट व कामदनाथ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रत्येक अमावस्या को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, जिससे भीड़भाड़ की स्थिति बनती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत 25 मार्च से 24 मई 2026 तक प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया है। आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा तथा एक किलोमीटर की परिधि में फोटो कॉपी और स्कैनर संचालन परीक्षा अवधि में बंद रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक लगाई गई है और रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक लाउडस्पीकर के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने या जुलूस निकालने पर भी रोक रहेगी। इसके अलावा शस्त्रों के प्रदर्शन, भड़काऊ भाषण, अफवाह फैलाने, सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्था फैलाने तथा अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

# 30 वर्षों बाद रैकवार समाज का मेला आयोजित, नई कार्यकारिणी गठित

- बाल्मीकि आश्रम में लौटी रौनक

अखंड भारत संदेश



मेले में मौजूद रैकवार समाज के लोग

**चित्रकूट।** तीन दशकों की खामोशी के बाद आखिरकार लालापुर का बाल्मीकि आश्रम फिर गूंज उठा- रैकवार समाज का ऐतिहासिक मेला जैसे बीते गौरव की वापसी का ऐलान बन गया। हजारों लोगों की मौजूदगी ने इस आयोजन को सिर्फ एक मेला नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का महापर्व बना दिया। मेला प्रभारी मुन्ना लाल रैकवार ने जब 60 वर्षों पुराने आश्रम के इतिहास की परतें खोलीं, तो भीड़ में गर्व और भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कभी नियमित रूप से लगने वाला यह मेला, प्रबंधन की निष्क्रियता के कारण 30 वर्षों तक ठप पड़ा रहा, लेकिन अब समाज ने एकजुट होकर इसे फिर जीवंत कर दिया है। मुख्य वक्ता सीताराम रैकवार ने समाज की मजबूती के लिए संगठन और सक्रिय नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी कड़ी में सर्वसम्मति से नई एडहॉक कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें जागेश्वर रैकवार को अध्यक्ष और मुन्ना लाल रैकवार को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। अंत में समाज ने आश्रम के विकास, एकता और इस मेले को और भव्य बनाने का संकल्प लिया-मानो यह आयोजन एक नई सामाजिक सुबह का संकेत हो।

## मानिकपुर तालाब सौंदर्यकरण हेतु 24.97 लाख की धनराशि जारी

**चित्रकूट।** पुलकित गर्ग जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरीय झील/ तालाब / पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत मानिकपुर सरहट चित्रकूट के मोहल्ला गोविन्दनगर स्थित पुराना मानिकपुर तालाब के संरक्षण, खुदाई, पाथवे, पिचिंग, बेंच शेड सहित, ड्रेनेज एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य हेतु अवशेष द्वितीय किश्त के रूप में मु 24.97 लाख रू (मु० चौबीस लाख सत्तानबे हजार रू) मात्र की धनराशि अवमुक्त की गई है। उक्त कार्य कराये जाने हेतु शासन द्वारा कार्यदायी संस्था के रूप में नगर पंचायत मानिकपुर सरहट चित्रकूट को नामित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय चित्रकूट द्वारा नगर पंचायत मानिकपुर सरहट को निर्देश दिये गये है कि नगर पंचायत मानिकपुर के मोहल्ला गोविन्दनगर स्थित पुराना मानिकपुर तालाब के सौन्दर्यकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराकर मानक के अनुरुप कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे आम जनमानस को योजना का लाभ मिल सके।

## दहेज की आग में जली बहू, अदालत ने सुनाया सास-ससुर को उम्रकैद का फरमान

**चित्रकूट।** जिले की अदालत से निकला एक ऐसा फैसला, जिसने दहेज की आग में झुलसी एक बेटी को आखिरकार न्याय दिला दिया। त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने मृत्युकालीन बयान को सबसे मजबूत साक्ष्य मानते हुए सास-ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला पहाड़ी थाना क्षेत्र के चौरा गांव का है, जहां प्रेमा नामक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर 8 नवम्बर 2019 की सुबह मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया था। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरते समय प्रेमा ने अपने बयान में सास और ननद द्वारा जलाने की पुष्टि की थी। अदालत ने इसी बयान को न्याय का आधार बनाते हुए ससुर रामप्रताप और सास लक्ष्मिनिया को दोषी ठहराया और 10-10 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया। यह फैसला न सिर्फ एक बेटी के दर्द की गवाही है, बल्कि समाज के लिए चेतावनी भी है कि दहेज की आग अब कानून की कठोर सजा में बदल रही है।

## मानिकपुर में नाला निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी

**चित्रकूट।** जिले में विकास की धड़कनों ने एक नई रफ्तार पकड़ ली है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशों पर नगर पंचायत मानिकपुर सरहट के गाँधीनगर, आर्यनगर, जवाहर नगर और शिवनगर में नाला निर्माण की बहुप्रतीक्षित योजना अब जमीन पर उतरने को तैयार है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत 199.48 लाख रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष पहली किश्त के रूप में 1 करोड़ रुपये जारी होते ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। वर्षों से जलभराव की पीड़ा झेल रहे इन मोहल्लों में अब राहत की आस जगी है।

## मऊ में ट्रैक्टर-ऑटो टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**चित्रकूट।** जिले के मऊ थाना क्षेत्र में रविवार की रात दर्दनाक हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। रात करीब 8:30 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ऑटो की भीषण टक्कर ने एक घर का चिराग बुझा दिया। बरियारी कला निवासी 24 वर्षीय अजय कुमार रविदास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की मदद से सभी को मऊ सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, लेकिन सवाल वही- कब थमेगी रफ्तार की यह मौत?

# तुलसीदास महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित, क्रिएटिव इंडिया की हुंकार

**चीन-अमेरिका से टक्कर का बिगुल**




कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य राजेश पाल

**चित्रकूट।** जिले के शैक्षिक आकाश में सोमवार को ज्ञान का एक नया सूर्योदय हुआ, जब गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों की प्रगति-संभावनाएं और चुनौतियां विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठता सशक्त कदम बनकर उभरा। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल और मुख्य अतिथि डॉ अमित कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर विचारों के दीप जलाए, जहां मंच से आईपीआर की बढ़ती ताकत, मेक इन इंडिया की गति और डिजिटल युग की क्रांति का उल्लेख हुआ। वक्ताओं ने चीन और अमेरिका जैसे देशों के उदाहरण देकर भारत को नवाचार की दौड़ में और तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। तीन तकनीकी सत्रों में गूंजते शोधपत्रों ने न केवल चुनौतियों को उजागर किया, बल्कि समाधान की राह भी दिखाई। संगोष्ठी ने यह संदेश दिया कि बौद्धिक संपदा अधिकार केवल कानून नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की नींव हैंकृजहां हर विचार एक संपत्ति है और हर नवाचार राष्ट्र निर्माण का आधार।

## कुर्मी का डेरा तालाब सौंदर्यीकरण को 44.54 लाख की स्वीकृति

**चित्रकूट।** पुलकित गर्ग के नेतृत्व में कुर्मी का डेरा तालाब के कायाकल्प पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 44.54 लाख की स्वीकृति के साथ इस जलधरोहर को संवारने की पहल ने रफ्तार पकड़ ली है, जिसमें पहली किश्त 22.27 लाख जारी हो चुकी है। इंटरलॉकिंग पाथवे, घाट और बेंच निर्माण के जरिए तालाब को पर्यटन और जनसुविधा का केंद्र बनाने की तैयारी है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बाद नगर पंचायत मऊ अब विकास की इस पटकथा को जमीन पर उतारने की चुनौती से रूबरू है।

## राजापुर में कलश विसर्जन के दौरान किशोर की डूबने से मौत

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र में आस्था उस वक्त मातम में बदल गई, जब श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कलश विसर्जन के दौरान 16 वर्षीय कृष्ण कुमार की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। परिवार और ग्रामीणों के साथ पूजा सामग्री विसर्जित करने उतरा किशोर अचानक गहरे पानी में समा गया। बचाने की कोशिशें तेज धारा के आगे बेबस साबित हुईं। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किया। इस हादसे ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी, वहीं ग्रामीणों ने सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाए हैं। पुलिस जांच जारी है।

# 108 बटुकों का वैदिक पुनर्जन्म, चित्रकूट में गूंजा सनातन संस्कारों का दिव्य घोष



उपनयन संस्कार में बटुको ंको स्म्मानित करते इलेश जैन

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती एक बार फिर वैदिक परंपरा के दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठी, जब जानकीकुण्ड स्थित श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में 108 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार भव्य वैदिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुआ। परम पूज्य संत रणछोड़दास महाराज की तपोस्थली में चैत्र शुक्ल द्वादशी की प्रभात बेला मंत्रोच्चार से गूंजती रही, जहां बटुकों ने यज्ञोपवीत धारण कर ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश किया। ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण और भिक्षाटन जैसे संस्कारों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्राचार्य ने बताया कि यह संस्कार ही वेद-शास्त्र अध्ययन का द्वार खोलता है और इसे द्विज का दूसरा जन्म माना गया है। समारोह में देशभर से आए श्रद्धालुओं, आचार्यों और ट्रस्ट पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी ऐतिहासिक बना दिया।

# ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन अटैक, अबू धाबी में मिसाइल हमले में 5 भारतीय घायल

**अबू धाबी**

**अबू धाबी** के अधिकारियों ने बताया कि केजाद में लगी दो आग में पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए। ये आग मिसाइल को रोके जाने के बाद गिरे मलबे के कारण लगी थीं। शुक्रवार को तेहरान के खिलाफ अपने अभियान को "तेज और विस्तारित" करने की धमकी देने के कुछ घंटों बाद ही इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई और सऊदी अरब में एक अड्डे पर हमला किया, जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हो गए और विमानों को नुकसान पहुंचा। हालांकि, युद्ध के एक महीने बाद, एक बड़ी सफलता मिलती दिखी जब तेहरान ने संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य से मानवीय सहायता और कृषि सामग्री के शिपमेंट की अनुमति देने पर सहमति जताई। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अली बहरेनी ने कहा कि ईरान इस तरह की आवाजाही को "सुगम और त्वरित" बनाने पर सहमत हुआ है।




यह महत्वपूर्ण जलमार्ग आम तौर पर दुनिया के एक-पांचवें तेल शिपमेंट और लगभग एक-तिहाई उर्वरक व्यापार को संभालता है। जबकि बाजार और सरकारें मुख्य रूप से अवरुद्ध तेल और प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, उर्वरक घटकों और व्यापार पर प्रतिबंध वैश्विक स्तर पर कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बहरेनी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह कदम मानवीय प्रयासों का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए ईरान की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि आवश्यक सहायता जरूरतमंदों तक बिना किसी देरी के पहुंचे।" संयुक्त राष्ट्र ने इससे पहले युद्ध के कारण सहायता वितरण पर पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए एक कार्य बल की घोषणा की थी। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा उद्धृत स्थिति से परिचित दो अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरानी हमले में कम से कम 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों में से एक के अनुसार, उनमें से दो गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों अधिकारियों ने संवेदनशील सैन्य मामलों पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर बात की। कई ईंधन भरने वाले विमान क्षतिग्रस्त हो गए।

लेबनान में इजरायल रक्षा बल के 9 जवान घायल हुए

इजरायली सेना ने एक्स पर एक बयान में दो अलग-अलग घटनाओं की जानकारी दी। दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान दागी गई टैंक-रोधी मिसाइल के परिणामस्वरूप एक इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और दूसरा मामूली रूप से घायल हो गया। शनिवार की रात एक अन्य घटना में, दक्षिणी लेबनान में तैनात बलों पर रॉकेट हमले के परिणामस्वरूप एक इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और छह अन्य मामूली रूप से घायल हो गए।

इस्लामिक रेजिस्टेंस ने जॉर्डन में कई हवाई अड्डों को निशाना बनाया

इराकी समाचार आउटलेट सबरीन ने ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के संगठन, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक द्वारा जॉर्डन में कई हवाई अड्डों और एक हवाई अड्डे पर हमले की सूचना दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें किंग फैसल एयर बेस, किंग अब्दुल्ला एयर बेस, क्वीन आलिया एयरपोर्ट, प्रिंस हसन एयर बेस और मुवफ्फक साल्टी एयर बेस शामिल थे, लेकिन हमले के परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

भारत के दो व्यापारिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं

समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद ले जा रहे दो और व्यापारिक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। भारतीय नौसेना के युद्धपोत उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों ने आगे बताया कि जल्द ही और भी जहाजों के आने की संभावना है।

कुवैत में तेल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंची

कुवैती समाचार एजेंसी ङवठअ ने बताया है कि कुवैती तेल की कीमत में 8.10 डॉलर की वृद्धि हुई है।

## 'स्ट्रेट ऑफ ट्रंप' को यूएस प्रेसिडेंट ने बताया 'ट्रंप जलडमरूमध्य'

# ये कोई गलती नहीं- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को 'स्ट्रेट ऑफ ट्रंप' कहा। बाद में उन्होंने यह भी कहा कि ये बातें कहते समय उनसे कोई गलती नहीं हुई थी। गौरतलब है कि इस मार्ग के बंद होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सबसे गंभीर समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि यह दुनिया का सबसे व्यस्त तेल परिवहन मार्ग है। इस व्यवधान के कारण वैश्विक पेट्रोलियम आपूर्ति में भारी गिरावट आई है, ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं और क्षेत्र के तेल उत्पादक देशों को प्रतिदिन लाखों बैरल तेल का उत्पादन कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मियामी में सऊदी समर्थित एफआईआई प्रायोरिटी इन्वेस्टमेंट फोरम में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान को ट्रंप जलडमरूमध्य खोलना होगा। अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान वाशिंगटन में कई इमारतों का नाम अपने नाम पर रखने वाले ट्रंप ने अपनी इस टिप्पणी को गलती बताया। उन्होंने कहा कि मेरा मतलब है, होर्मुज। माफ कीजिए, मुझे बहुत अफसोस है। कितनी बड़ी गलती हो गई। फेक न्यूज वाले कहेंगे कि 'उन्होंने गलती से ऐसा कह दिया'। लेकिन अब मुझसे कोई गलती नहीं होती। ज्यादातर तो बिल्कुल नहीं।




राष्ट्रपति ने मजाक करते हुए कहा कि हम अभी बातचीत कर रहे हैं, और अगर हम कुछ कर सकें तो बहुत अच्छा होगा, लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा। उन्हें ट्रंप जलडमरूमध्य खोलना होगा - मेरा मतलब है होर्मुज जलडमरूमध्य। क्षमा कीजिए, मुझे बहुत खेद है। कितनी बड़ी गलती हो गई। ट्रंप ने कहा कि मीडिया इस टिप्पणी को उठाएगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि "मेरे साथ कोई दुर्घटना नहीं होती, बहुत कम। सार्वजनिक रूप से इनकार करने के बावजूद तेहरान के समझौते के लिए तैयार होने के अपने दावे को दोहराते हुए, 79 वर्षीय अमेरिकी नेता ने कहा कि एक महीने से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान गिड़गिड़ा रहा है और दावा किया कि उसके नेतृत्व, नौसेना, वायु सेना और परमाणु कार्यक्रम को भारी नुकसान पहुंचा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य एक घुमावदार जलमार्ग है, जो अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 33 किलोमीटर (21 मील) चौड़ा है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है। यहाँ से जहाज वैश्विक बाजारों की ओर आगे बढ़ते हैं।

# चीन जा रहा था कार्गो, ईरान ने भारत भेजा, दुनिया हैरान!

**मिडिल ईस्ट**

**मिडिल** ईस्ट में जंग चल रही है। एक तरफ ईरान और दूसरी तरफ है अमेरिका और इजराइल। मिसाइलें लगातार चल रही हैं। रास्ते बंद हो रहे हैं और सबसे बड़ा असर पड़ रहा है तेल और गैस सप्लाई पर। इसी बीच भारत ने एक ऐसा कदम उठा लिया है जिसने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। करीब 5 साल बाद इंडिया ने फिर से ईरान से एलपीजी गैस खरीद ली है। 2019 में जब अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगाए थे तब भारत को मजबूरी में यह खरीद बंद करनी पड़ी थी। लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की तरफ से मिली 30 दिन की अस्थाई छूट के बाद भारत ने फिर से यह डील शुरू कर दी है और वजह साफ है आटा महंगा हो जाए तो रोटी भी मुश्किल हो जाती है। तेल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं। सप्लाई चेन टूट रही है और भारत अपने लोगों का चूल्हा जलाए रखना चाहता है। सूत्रों के मुताबिक ईरान से एलपीजी लेकर एक टैंकर भारत की ओर बढ़ रहा है।




बता दें कि अरोड़ा एलपीजी टैंकर लगभग 43,000 टन एलपीजी, ब्यूटेन और प्रोपेन लेकर आ रहा महत्वपूर्ण जहाज है जो ईरान से भारत के लिए आ रहा पीएसयू कनेक्ट है। यह जहाज 2019 के बाद ईरान से भारत आने वाला पहला एलपीजी कारगोन है जो मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण भारत के गैस संकट को कम करने में मदद करेगा। साथ ही बताया जा रहा है कि यह कारग को पहले चीन जा रहा था। लेकिन अब इसका रुख भारत की तरफ कर दिया गया है। दरअसल मिडिल ईस्ट में जंग की वजह से स्टेट ऑफ हॉर्मोस बंद है और भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से लाता है। हालात ऐसे हैं कि भारत इस वक्त गैस संकट के दबाव में है। घरेलू एलपीजी की मांग बढ़ रही है। इंडस्ट्री को सप्लाई तक काटनी पड़ रही है और 60% गैस तो भारत बाहर से ही मंगवाता है।

# बहुत बुरा मारेंगे... पाकिस्तान की धमकी, एक्शन में इजरायल, भारत ने ली चुटकी



**पाकिस्तान**

**छोटे**-छोटे परमाणु बमों पर इतराने वाला पाकिस्तान अब इजराइल को आंख दिखाने की कोशिश कर रहा है। गीदड़ भपकी दे रहा है। लेकिन शायद पाकिस्तान यह भूल गया है कि इतिहास क्या है। जब पूरी अरब दुनिया एक तरफ थी और अकेला इजराइल एक तरफ था। फिर भी जीत किसकी हुई थी। ईयर 1967 सिक्स डे वॉर एक तरफ जहां पर सीरिया जॉर्डन जैसे कई देश थे और लेकिन दूसरी तरफ इजराइल और सिर्फ छह दिनों में इजराइल ने ना सिर्फ हमला रोका बल्कि दुश्मनों की जमीन तक कब्जे में ले ली। यानी संख्या नहीं रणनीति जीतती है। अब आज की बात करते हैं। पाकिस्तान ने इजराइल को सीधी यह चेतावनी दी है कि अगर हमारे राजनीतिकों को कुछ हुआ तो हम करारा जवाब देंगे।

यह बयान तब आया जब ईरान में हमलों के दौरान पाकिस्तानी दूतावास के पास धमाके हुए। लेकिन सवाल है जिस देश को पाकिस्तान चुनौती दे रहा है वो कितना ताकतवर है? बता दें कि इजराइल के पास अनऑफिशियल तौर पर 80 से 90 न्यूक्लियर वॉर हेड्स माने जातेहैं। मिसाइल सिस्टम की बात करें तो कई सीरीज हैं इसके पास में जो हजारों किलोमीटर तक मार कर सकती है। एयर डिफेंस सिस्टम है, आयरन डोम है, डेविड स्लिंग है, एरो सिस्टम है।

## साथ काम करने को उत्सुक- बालेंद्र 'बालेन' शाह

**नेपाल**

**नेपाल** के प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बालेन शाह को बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह को हार्दिक शुभकामनाएं दीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में बालेंद्र 'बालेन' शाह के शपथ ग्रहण पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और भारत-नेपाल मित्रता को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। इसके बाद यह प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में ये टिप्पणियां कीं और कहा कि शाह की नियुक्ति नेपाल की जनता के उनके नेतृत्व में विश्वास को दशार्ती है और साथ मिलकर काम करने से नई दिल्ली और काठमांडू के बीच संबंध और मजबूत होंगे, जिससे जनता को व्यापक लाभ मिलेगा। बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दशार्ती है। मैं भारत-नेपाल मित्रता और सहयोग को दोनों देशों की जनता के पारस्परिक लाभ के लिए और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं।

# पाकिस्तान का भीषण हमला, कर दी भयंकर बमबारी

**पाकिस्तान**

**इधर** ईद खत्म हुई और उधर गोले बरसने शुरू हो गए। हम बात कर रहे हैं डूरंड लाइन की जहां पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष को लेकर ईद के समय जो सीज फायर हुआ था उस सीज फायर का ईद के खत्म होते ही डी एंड हो गया है और दोनों ही देश वापस से आपस में भीषण हमलों की शुरूआत कर चुके हैं और टूरेंट लाइन पर लगातार गोलों की बारिश हो रही है। एक तरफ तो पाकिस्तान शांति के लिए ईरान अमेरिका युद्ध में मध्यस्थता करवाने के दावे कर रहा है। लेकिन दूसरी तरफ वही पाकिस्तान अफगानिस्तान के भीतर मासूम लोगों की जान लेने पर तुला हुआ है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने फिर से हमलों की शुरूआत की और लगातार अफगानिस्तान पर कई हमले किए जिसका पाकिस्तानी सेना ने वीडियो और तस्वीरें दोनों जारी करके बड़ा दावा किया है कि पाकिस्तान ने 22 फरवरी से चल रही इस लड़ाई में अफगानिस्तान के 32 स्क्वायर किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर लिया है। यह कब्जा बलूचिस्तान से लेकर खैबर पख्तूनका सीमा तक किया गया है।

## धमाकों से दहल उठा सऊदी, यूएस बेस पर मिसाइल अटैक, 10 अमेरिकी सैनिक घायल

पश्चिमी एशिया

पश्चिमी एशिया में युद्ध के बढ़ते प्रकोप के बीच, शुक्रवार को ईरान द्वारा किए गए एक अन्य मिसाइल हमले में सऊदी अरब के एक सैन्य अड्डे पर कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए और कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। स्थिति से परिचित दो अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों में से एक ने बताया कि दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों अधिकारियों ने सैन्य मामलों की संवेदनशीलता को देखते हुए नाम न छापने की शर्त पर बात की।

सैन्य मामलों की संवेदनशीलता पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले अधिकारियों ने बताया कि प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर हुए हमले में कई अमेरिकी ईंधन भरने वाले विमान क्षतिग्रस्त हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

विमानों को हुए नुकसान को दशार्ने वाली उपग्रह तस्वीरें ऑनलाइन पोस्ट की गईं। इस हमले में ईरानी मिसाइल और मानवरहित ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को "पूरी तरह नष्ट" घोषित करने और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ द्वारा "इतिहास में कभी भी किसी राष्ट्र की सेना को इतनी जल्दी और इतनी प्रभावी ढंग से निष्क्रिय नहीं किया गया" कहने के एक दिन बाद हुआ है।

एक महीने से चल रहे संघर्ष में 300 सैन्यकर्मी घायल

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शुक्रवार को बताया कि एक महीने से चल रहे संघर्ष में 300 से अधिक सैन्यकर्मी घायल हुए हैं। हालांकि अधिकांश घायल ठीक होकर ड्यूटी पर लौट आए हैं, लेकिन 30 अभी भी सेवा से बाहर हैं और 10 गंभीर रूप से घायल हैं। यह पहली बार नहीं है जब प्रिंस सुल्तान एयर बेस को ईरान ने निशाना



**● यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को 'पूरी तरह नष्ट' घोषित करने और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ द्वारा 'इतिहास में कभी भी किसी राष्ट्र की सेना को इतनी जल्दी और इतनी प्रभावी ढंग से निष्क्रिय नहीं किया गया' कहने के एक दिन बाद हुआ है।**

बनाया है। सेना के सार्जेंट बेंजामिन एन. पेनिंगटन, 26, 1 मार्च को बेस पर हुए हमले में घायल हो गए थे और कुछ दिनों बाद उनकी मृत्यु हो गई। वह युद्ध में शहीद हुए 13 सैन्यकर्मियों में से एक हैं। इस हमले की खबर इससे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर भड़की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी, बताया राजनीतिक प्रतिशोध

**नेपाल**

**नेपाल** के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली की पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (सीपीएन-यूएमएल) ने शुक्रवार को कहा कि जिस जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर केपी ओली की गिरफ्तारी हुई है, उसमें गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं और आरोप लगाया कि रिपोर्ट जानबूझकर तैयार की गई है। पंत ने कहा कि जांच समिति की रिपोर्ट में ही गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। इसे जानबूझकर तैयार किया गया है।

पूर्व विदेश मंत्री और पार्टी नेता प्रदीप ग्यावली ने कहा कि यह हमारे अध्यक्ष के खिलाफ लिया गया राजनीतिक प्रतिशोध है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा गिरफ्तारी के जवाब में, ओली की पार्टी, सीपीएन-यूएमएल ने एक आपातकालीन सचिवालय बैठक बुलाई है। यह घटनाक्रम नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के बाद सामने आया है। ओली को सितंबर 2025 में जनरेशन जेड के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के कथित दमन से जुड़े एक कथित गैर इरादतन हत्या के मामले में नेपाल पुलिस ने भक्तपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया गया। नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी इससे पहले उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। ये गिरफ्तारियां गृह मंत्रालय द्वारा दर्ज कराई गई एक औपचारिक शिकायत के बाद हुईं, जिसके बाद जांच शुरू हुई और गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए। काठमांडू




पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पूर्व विशेष न्यायालय के न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले एक आयोग द्वारा की गई सिफारिशों को लागू करने के लिए की जा रही है।

आयोग ने सिफारिश की है कि ओली, लेखक और तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चंद्र कुबेर खापुंग पर आपराधिक लापरवाही के लिए राष्ट्रीय दंड संहिता की धारा 181 और 182 के तहत आरोप लगाया जाए, जिसमें 10 साल तक की कारावास की सजा का प्रस्ताव है।

रिपोर्ट में गृह सचिव गोकर्ण मणि दवाड़ी, सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख राजू आर्यल, राष्ट्रीय जांच विभाग के पूर्व प्रमुख हुतराज थापा और काठमांडू के तत्कालीन मुख्य जिला अधिकारी छबी रिजाल के खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की गई है, जिसमें संहिता की धारा 182 के तहत मुकदमा चलाने का सुझाव दिया गया है। इसमें आगे सिफारिश की गई है कि अन्य दोषी पाए गए अधिकारियों के खिलाफ उनके संगठनों को नियंत्रित करने वाले संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए।

रिपोर्ट में इस कार्रवाई को आपराधिक लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का नतीजा बताया गया है, जिसमें संभावित हिंसा बढ़ने की पूर्व सूचना पर कार्रवाई न करने को कई मौतों का कारण बताया गया है। सितंबर 2025 में नेपाल में हुए जनरेशन के विरोध प्रदर्शनों के दौरान कुल 77 लोग मारे गए, जबकि अरबों डॉलर की सरकारी और निजी संपत्ति नष्ट हो गई। प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया गया, जिससे नामित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का रास्ता खुल गया। पहली कैबिनेट बैठक में कार्की आयोग की सिफारिशों के आधार पर सुरक्षाकर्मियों से संबंधित मामलों की जांच के लिए एक अध्ययन समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया।